हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 20 सितंबर 2024


तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 22.8 डिग्री


ओबीसी सर्वे का सीएमओ ने ली समीक्षा बैठक 11





झोला में नवीन कार्यों की दी सौगात 11







**अतिशीघ्र आवश्यकता है**
सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद) कद-5".6", उम्र-20 से 35
सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद) कद-5".6", उम्र-20 से 35
होम केयरटेकर (महिला : 20 पद) उम्र-20 से 35 वर्ष,
फायरमैन कद-5".6", उम्र-20 से 35
अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस कद-5'.6", उम्र-20 से 35
भर्ती दिनांक :- 21 व 22 सितंबर 2024
(कार्यस्थल:-सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में निजी कारखाना एवं अस्पताल)
पता:-फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल. सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मो.: 76972 12782


## हेमचंद यूनिवर्सिटी में 30 सितंबर तक प्रवेश ले सकते हैं विद्यार्थी

# कालेजों में 33 हजार सीटें खाली पांचवीं बार प्रवेश पोर्टल खोला

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसी शैक्षणिक सत्र से लागू किया गया है और इस बार 33 हजार 359 सीटें खाली रह गई है। ये हेमचंद यूनिवर्सिटी के 154 कॉलेजों में निर्धारित सीटों की तुलना में 56 प्रतिशत सीटें हैं जो खाली रह गई है। यानी केवल 44 प्रतिशत सीटें ही भर पाई है। इन सीटों को भरने के लिए इस शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पांचवीं बार प्रवेश के लिए पोर्टल खोलना पड़ा है। जिन विषयों में सीटें खाली है वहां प्रवेश पोर्टल के जरिए 30 सितंबर तक विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं।

हरिभूमि सरोकार



### 76 हजार 682 सीटें है कॉलेजों में

हेमचंद यूनिवर्सिटी के अंतर्गत कॉलेजों में 76 हजार 682 सीटें विभिन्न विषयों की है। इनमें से अब तक 43 हजार 323 सीटों पर ही दाखिला हो पाया। इस तरह 33 हजार 359 सीटें खाली रह गई है। प्रवेश पोर्टल में इसके पहले 14 सितंबर तक चौथी बार प्रवेश पोर्टल खोला गया था। उसके बाद भी विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षित रूप से नहीं बढ़ पाई। मौजूदाहालात को देखते हुए फिर से प्रवेश पोर्टल खोला गया है।

### मॉस्टर ऑफ कोर्स में यह स्थिति

| कोर्स | एडमिशन | खाली सीटें |
|---|---|---|
| टैक्सटाईल्स एंड क्लाथिंग | 03 | 297 |
| अर्थशास्त्र | 350 | 530 |
| अंग्रेजी | 313 | 227 |
| जियोग्राफी | 232 | 274 |
| हिन्दी | 778 | 477 |
| हिस्ट्री | 175 | 225 |
| राजनीतिशास्त्र | 930 | 325 |
| समाजशास्त्र | 729 | 301 |
| कामर्स | 1253 | 552 |
| एजुकेशन | 329 | 321 |
| केमेस्ट्री | 660 | 325 |
| कप्यूटर साइंस | 54 | 231 |
| बॉयोटेक | 121 | 73 |

### प्रमुख संकायों में इस तरह रह गई है सीटें खाली

**साइंसः सबसे ज्यादा 10803 सीटें हैं खाली**

कॉलेजों में इस शैक्षणिक सत्र में सबसे ज्यादा साइंस सब्जेक्ट की सीटें खाली रह गई है। इस सब्जेक्ट की 20 हजार 710 सीटें रही है लेकिन केवल 9 हजार 907 सीटों पर ही प्रवेश लिया गया है। 10 हजार 803 सीटें इस सब्जेक्ट की खाली रह गई है। लगातार प्रवेश पोर्टल खुलने के बाद भी सीटें नहीं भर पा रही है।

**कॉमर्सः 6925 सीटों को है भरना**

कॉलेजों में इस शैक्षणिक सत्र में कॉमर्स संकाय की 6 हजार 925 सीटें नहीं भर पाई है। इस संकाय की 14 हजार 299 सीटें कॉलेजों में हैं। उसके बाद भी 7 हजार 374 सीटों पर ही विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। शेष 6 हजार 925 सीटें है जिसे भरने के लिए यूनिवर्सिटी मशक्कत कर रही है।

**ऑट्र्सः 4765 सीटें खाली**

कालेजों में आट्र्स सब्जेक्ट को लेकर विद्यार्थियों में रूझान रहा है। इस सब्जेक्ट की 18 हजार 145 सीटें भरा जाना है। जिसमें से केवल 13 हजार 380 सीटों में ही प्रवेश हो पाया। शेष 4 हजार 765 सीटें खाली रह गई है। इन सीटों में प्रवेश के पोर्टल फिर खुला है।

### तीन डिप्लोमा कोर्स में एक भी विद्यार्थी नहीं

हेमचंद यूनिवर्सिटी द्वारा विभिन प्रकार के डिप्लोमा कोर्स भी चलाए जा रहे हैं। इस बार डिप्लोमा के लिए विद्यार्थियों का रूझान कम दिखाई दिया। हैरत की बात यह है कि तीन डिप्लोमा कोर्स ऐसे हैं जिसमें किसी विद्यार्थी ने दाखिला नहीं लिया। इंग्लिश कम्युनिकेशन स्कील डिप्लोमा कोर्स पर 30 सीटें हैं। कांसेप्ट ऑफ एपिडेमियोलॉजी पर 25 सीटें और टेली विथ टैक्सेशन पर 40 सीटें हैं। इन कोर्स पर एक भी विद्यार्थियों ने दाखिला नहीं लिया।

### कंप्यूटर से जुड़े विषयों में घटी विद्यार्थियों की रूचि

कालेजों में इस बार कंप्यूटर एप्लीकेशन जैसे सब्जेक्ट पर विद्यार्थियों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। बीसीए की 1 हजार 635 सीटें है। जिसमें से केवल 271 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। 1 हजार 364 सीटें खाली रह गई है। कंप्यूटर से जुड़े पीजी डिप्लोमा में पीजीडीसीए की 3 हजार 525 सीटें हैं। इन सीटों में केवल 1607 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। 1 हजार 918 सीटें खाली रह गई है।

### 30 सितंबर तक देंगे प्रवेश

जिन विषयों की सीटें खाली रह गई है उसे भरने के लिए 30 सितंबर दोपहर 12 बजे तक खुला रहेगा। शाम 5 बजे तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

**-दिग्विजय कुमार,**
कुलसचिव डीयू

### इसलिए दाखिले में आ रही कमी, चिंता का विषय

उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े विशेषज्ञों के मुताबिक कॉलेजों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की कमी होने का प्रमुख वजह इस शैक्षणिक सत्र से शिक्षा नीति में बदलाव आना है। स्कील आधारित कोर्स नई शिक्षा नीति के तहत लागू हुए हैं इससे विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। सेमेस्टर सिस्टम से पढ़ाई होगी। यूनिवर्सिटी का पिछले साल यानी वर्ष 2023 का रिजल्ट को लेकर विद्यार्थियों में नाराजगी रही। कई विद्यार्थियों को शून्य अंक मिले। सरकारी कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण अध्यापन व्यवस्था नहीं हो पा रही। ज्यादातर प्रोफेसरों की नियमित क्लास नहीं मिलती। उच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किए, लेकिन दूसरे संस्थानों में दाखिला ले लिए।

ब्लैकमेल कर रहा था आरोपी युवक

## अश्लील वीडियो बनाकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई



सुपेला थाना अंतर्गत एक युवती से मारपीट और अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी ने पहले युवती को प्रेमजाल में फंसाया। इसके बाद ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता ने इसकी शिकायत सुपेला पुलिस से की। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की। इस बीच आरोपी गाजीपुर उत्तर प्रदेश भागने के फिराक में था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। बहरहाल मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि महेन्दर कुमार निवासी हार्डवेयर लाइन सुपेला ने पहले उससे दोस्ती की। इसके बाद मोबाइल पर बातचीत करते हुए प्रेम जाल में फंसाया। शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करते रहा। पीड़ति की बिना जानकारी के अश्लील वीडियो बना लिया। पीड़ति द्वारा मना करने पर पीड़ति को जान से मारने की धमकी देते हुए फोटो, वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देते हुए पीड़ति के देवर को भेज दिया। अपराध दर्ज करते ही पुलिस ने आरोपी महेन्दर कुमार की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी पावर हाउस स्टेशन में ट्रेन के इंतजार में बैठा हुआ है। इसके बाद पुलिस स्टेशन पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से गुरुवार को उसे 14 दिनों की रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मूलतः गोरा बाजार कसाई मोहल्ला गाजीपुर सदर कोतवाली उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

साजिश रचकर की थी चोरी

## घड़ी चौक सुपेला से बोलेरो उड़ाने वाले निकले परिचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई



■ सुपेला पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों तक पहुंची, गाड़ी बेमेतरा से बरामद

16 सितंबर की शाम करीब साढ़े 7 बजे से साढ़े 9 बजे के बीच घड़ी चौक सुपेला में फ्लाई ओवर के नीचे खड़ी 10 लाख रुपए कीमत की बोलेरो पार हो गई। शास्त्री नगर केम्प-1 निवासी प्रेमचंद साहू ने इसकी सूचना जब पुलिस को दी तो हड़कंप मच गया। भीड़ वाले इलाके से हुई घटना ने पुलिस को सकते में डाल दिया।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू की। सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इसमें पता चला कि बोलेरो को कोहका की तरफ से जाते देखा गया है। इसके बाद संदिग्ध अजय ठाकुर को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हो गया। पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रेमचंद अपनी बोलेरो गाड़ी सीजी 07 एवाई 2341 को ओवर ब्रिज के नीचे खड़े कर साथियों के साथ दुर्ग चला गया था। रात करीब साढ़े 9 बजे वह लौटा, तो गाड़ी मौके पर नहीं थी। इसके बाद पुलिस ने अजय ठाकुर से पूछताछ की। उसने बताया कि गाड़ी शेख मारूफ एवं राकेश के साथ मिलकर चोरी की थी।

घटना दिनांक को अजय ठाकुर और मारूफ प्रार्थी प्रेमचंद साहू के साथ एक अन्य गाड़ी में दुर्ग गए। अपने दोस्त राकेश को गाड़ी चोरी करने के लिए घड़ी चौक सुपेला में पहले से खड़ा रखा। मौका देख राकेश बोलेरो लेकर फरार हो गया। बाद में पकड़े जाने के डर से वह गाड़ी बेमेतरा के पास छोड़कर भाग गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### तहसील कार्यालय भिलाई-3 का निरीक्षण



**भिलाई।** दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने आज भिलाई-3 में तहसील कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक सेवा केन्द्र, मॉडर्न रिकॉर्ड रूम के लिए आरक्षित कक्ष, तहसील न्यायालय एवं एसडीएम न्यायालय का अवलोकन किया। न्यायालय में प्रकरणों के निराकरण की प्रगति पर संभाग आयुक्त ने संतुष्टि प्रकट की। इस अवसर एसडीएम महेश सिंह राजपूत, तहसीलदार पवन ठाकुर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अवैध कब्जेधारियों को हाईकोर्ट से स्टे नहीं

**भिलाई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एनफोर्समेंट विभाग नगर सेवाएं द्वारा 138 अवैध कब्जेधारियों को सात दिनों में कब्जा हटाने के लिए नोटिस सर्व किया गया था । इसके विरुद्ध 25 अवैध कब्जेधारियों द्वारा उच्च न्यालालय में अलग अलग राईट पिटिशन फाइल किया गया था । हाई कोर्ट द्वारा गुरुवार को एक राईट पिटिशन को छोड़कर सभी 24 पिटिशन की ज्वाइंट सुनवाई करते हुए अवैध कब्जेधारियों को किसी प्रकार का स्टे नहीं दिया गया । भिलाई इस्पात संयंत्र को आदेशित किया की पुराने नोटिस पर कार्यवाही नही कर अवैध कब्जेधारियों को नया नोटिस जारी कर पीपी एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही करें । केस को डिस्पोज आफ कर दिया गया ।

### सफाई ठेका के लिए सात ने भरी निविदा

**भिलाई।** निगम भिलाई में सफाई कार्यो का सुचारू रूप से संचालन करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी । जिसमें 7 निविदाकारों ने 8 प्रकार के कार्यो को संपादित करने के लिए निविदा में भागीदार बने हैं। निविदाकारों द्वारा जमा किये गये दस्तावेजो का परीक्षण का कार्य संबंधित विभाग के अधिकारियो द्वारा अभी किया जा रहा है। शेष जानकारी परीक्षण पश्चात विस्तृत रूप से दी जाएगी। भिलाई निगम में शहर की सफाई को लेकर पार्षदों ने सामान्य सभा में नाराजगी दिखाई थी। वर्तमान ठेका एजेंसी के कार्य का आकंलन करने के लिए पार्षदों की टीम बनाई थी। इस टीम ने अपनी रिपोर्ट दे दी है।

बदलाव

## भिलाई निगम में अधिकारी और कर्मचारियों का पदभार बदला

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई





■ प्रभारी आयुक्त अशोक द्विवेदी ने जारी किया आदेश, तत्काल लेनी होगी ज्वाइनिंग

भिलाई निगम के आयुक्त देवेश ध्रुव के आदेश पर अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रभार में फेरबदल किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जो कर्मचारी 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उनकी सेवानिवृत्ति होते जा रही है।

इससे कार्यालयीन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसे देखते हुए नया आदेश जारी किया गया है। इसमें सहायक अभियंता अनिल सिंह को वर्तमान कार्यो के साथ राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन का नोडल अधिकारी एवं कार्यालय सहायक अधीक्षक अजय शुक्ला को पूर्व अन्य कार्यों के साथ सहायक परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन का कार्य सौंपा गया है। सहायक ग्रेड-2 डी. रवि को राजस्व विभाग से राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, विकास बेलकर को जोन 4 से योजना शाखा, राजस्व उपनिरीक्षक राजेश पालवे को जनस्वास्थ विभाग से प्रभारी सहायक अधीक्षक जनस्वास्थ्य विभाग, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर ओमकार यादव को राजस्व विभाग से विधि विभाग लिपिकीय कार्य, डाटा एन्ट्री आपरेटर कुमुदनी शर्मा को राजस्व विभाग राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, सहायक राजस्व निरीक्षक दिलीप हुमने को संपत्तिकर विभाग से राजस्व विभाग, स्वच्छता पर्यवेक्षक विनय कुमार मेश्राम को जनगणना विभाग से राजस्व विभाग, हेल्पर/क्लीनर अंजनी सिंह को जोन 2 के साथ सहायक प्रभारी तोड़फोड़ दस्ता, हेल्पर व क्लीनर युवराज साहू को अनुसूचित जाति विभाग में लिपिक राजस्व विभाग, भृत्य मुनिया बाई को राजस्व विभाग से जनसम्पर्क विभाग में पदस्थ किया गया है।

## स्वाइन फ्लू के दो नए मरीज मिले

**भिलाई।** दुर्ग जिले में गुरुवार को स्वाईन फ्लू के कुल 2 नये मरीज सामने आए हैं। एक मरीज ढौर, निकुम और आर्यनगर दुर्ग में एक मरीज मिले है। वर्तमान में 7 स्वाईन फ्लू के मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज, भिलाई2 , बीएम शाह में 2, पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-9, भिलाई 1, पल्स हॉस्पिटल, नेहरू नगर, भिलाई 1 मरीज चिकित्सकीय उपचार हेतु भर्ती है। स्वाईन फ्लू के मरीजों हेतु चंदूलाल चंद्राकर शासकीय मेडिकल कॉलेज कचान्दुर में 30 बिस्तर एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग में 10 बिस्तर आईसोलेटेड कक्ष में आरक्षित किया गया है।

उच्च अधिकारी से शिकायत

## 102 के चालक ने मरीज से मांगे पैसे, प्रभारी ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸|कुम्हारी



शासकीय वाहन 102 के चालक द्वारा मरीज के परिजनों से अनावश्यक रूप से पैसे मांगने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी शिकायत परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हारी के प्रभारी डॉ. अनुपमा कंवर से की। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डॉ. कंवर ने शासकीय वाहन 102 के चालक को फटकार लगाते हुए भविष्य में इस तरह की कोई अनैतिक गतिविधि न करने की चेतावनी दी। साथ ही उच्च अधिकारियों से मामले की शिकायत की। डॉ. अनुपमा कंवर ने बताया कि मरीज के परिजनों ने जब शिकायत की तो तत्काल उपरोक्त 102 वाहन चालक को इस बारे में पूछा गया। बहरहाल इस पूरे मामले में जांच की जा रही है। परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ओबीसी सर्वे की औचक निरीक्षण, जिला नोडल अधिकारी पहुंचे मौके पर



**भिलाई।** निगम भिलाई क्षेत्र में ओबीसी सर्वे का कार्य किया जा रहा है। 24 सितम्बर तक ओबीसी सर्वे करके रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 46700 ओबीसी परिवार निवासरत है। ओबीसी सर्वे के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर बजरंग दुबे , प्रभारी निगम आयुक्त अशोक कुमार द्विवेदी, तहसीलदार गुरुदत्त पंच भाई औचक रूप से निरीक्षण करने फील्ड में उपस्थित हुए। सर्वे के दौरान आ रही समस्याओं से रूबरू होकर फील्ड की जानकारी प्राप्त किए। कर्मचारियों को समस्याओं का समाधान बताया। अब सर्वे की प्रक्रिया सरल हो गई हैं, मात्र 6 बिन्दुओ पर ही जानकारी एकत्रित करनी है। परिवार का मुखिया जो कुछ भी जानकारी देगा उसे दर्ज करना है।








**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301


एसपी को लिखित शिकायत कर जांच की लगाई गुहार

# रोशनी के पिता ने कहा-मेरी बेटी की सुनियोजित हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

आर्यनगर पुरानी बस्ती दुर्ग निवासी नवविवाहिता रोशनी मिश्रा (30वर्ष) की आत्महत्या मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतिका रोशनी के पिता हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी सेतबंधु तिवारी ने गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष गुहार लगाई और इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। सेतबंधु ने अपनी शिकायत में कहा है कि मेरी पुत्री रोशनी की सुनियोजित ढ़ंग से उनके ससुराल वालों ने हत्या कर दी। हत्या का आरोप उन्होने रोशनी के पति प्रशांत मिश्रा, सास सविता मिश्रा पुरानी बस्ती आर्यनगर कोहका पर लगाया है।

### दहेज के लिए करते थे प्रताड़ित

मृतिका के पिता सेतबंधु तिवारी ने कहा है कि 12 जुलाई 2021 को रीति रिवाज से रोशनी का विवाह प्रशांत मिश्रा से कराया था। कुछ ही दिनों के बाद प्रशांत की मां सविता मिश्रा द्वारा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया था।जिसकी जानकारी मेरी पुत्री द्वारा समय-समय पर मुझे व अपने रिश्तेदारों को दी जाती रही थी। लेकिन मैने अपनी पुत्री का घर बसाने के उद्धेश्य से उसके पति एंव सास के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। इसी का फायदा उठाकर प्रशांत मिश्रा एंव उसकी मां सविता मिश्रा के द्वारा 18 सितंबर 2024 को मेरी पुत्री रोशनी मिश्रा की हत्या कर दी। हत्या इस तरीके से की गई जैसे उसकी हत्या आत्महत्या लगे।

### स्टेट्स दूसरे मोबाइल नंबर से



विवाहिता ने लगाई फांसी, पति से रात को हुआ था विवाद

शिकायत में सेतबंधु ने कहा है कि मुझे दैनिक अखबार के माध्यम से यह जानकारी हुई है कि उसने अपने किसी मोबाईल नंबर में स्टेटस डाला है कि वह स्वयं से आत्महत्या कर रही है। जबकि मेरी व मेरे परिवार तथा सभी रिश्तेदार की जानकारी में मृतिका का एक ही नंबर वा जो 9575082843 है। मेरी पुत्री के पास इस मोबाईल नंबर के अलावा अन्य कोई मोबाईल नंबर नहीं था जिसे वह उपयोग करती हो।

### इस तरह तथ्य छिपाया

शिकायत कर्ता सेतबंधु का कहना है कि जब हमें सुबह लगभग 6:30 बजे की मृत्यु की जानकारी दी गई। जानकारी उपरांत हम जैसे ही उसके ससुराल पहुंचे तो ससुराल जाने के पूर्व ही रोशनी के फंदे को काटकर उसे बैड पर लिटा दिया था। उसके मृत शरीर को देखने से स्पष्ट रूप से ऐसा दिख रहा है कि उसने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उसे मारकर फंदे पर लटकाया गया था। क्योकि फंदे पर लटकर आत्महत्या करने वाले व्यक्ति की संभवतः आँखे खुली रहती है और उसकी जुबान बाहर आ जाती है जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं वा उसके शव को देखने से स्पष्ट लग रहा था कि उसे सुनियोजित ढंग से मारा गया है।

### डरी सहमी थी रोशनी

सेतबंधु ने कहा है कि जिस कमरे में रोशनी द्वारा आत्महत्या करना बताया जा रहा है उस कमरे में एक ऐसी खिड़की है जिससे बड़ी आसानी से अंदर बाहर आया जा सकता है। हत्या के कुछ दिन पूर्व ही उसने अपनी बड़ी माँ व चाची ने फोन पर बात की थी।उस वक्त वह बहुत डरी हुई थी। उसने पहले ही बता दिया था कि उसके फोन को प्रशांत मिश्रा द्वारा रिकार्डिंग मोड पर रखा हुआ है। जो भी बात अपने रिश्तेदारी से करती है उसे वे सुनते है। इसलिये वह खुल कर फोन पर घर बात नहीं कर सकती।

# पिछले साल कुपोषण दर 8.28 फीसदी, इस बार 30 तक करेंगे पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इस साल कुपोषण की स्थिति जानने जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिक और विभिन्न सेवाभावी संस्थाओं को जोडने अभियान भी चला रहा हैं। पिछले साल नवंबर तक के आंकडे पर गौर करे तो कुपोषण का प्रतिशत 8.28 फीसदी दर्ज किया गया था। अफसरों का दावा है कि, इस बार कुपोषण की स्थिति कम होगी। उल्लेखनीय है कि, बच्चों को होने वाले कुपोषण एक गंभीर बीमारी है। जिसे लेकर केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा लगातार अभियान भी चलाया जा रहा है। कुपोषण दूर किए जाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समुचित प्रयास जैसे आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से पूरक पोषण आहार का नियमित प्रदाय एवं उसकी निगरानी व बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच से लेकर दवाईयों का निशुल्क वितरण और पोषण पुनर्वास केन्द्रों का उपयोग जैसे प्रयास किए जा रहे है। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1 से 30 सितम्बर 2024 तक पोषण माह आयोजन किया जा रहा है। जनसमुदाय तक स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जनआंदोलन के रुप में प्रति वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाता है। पूर्व वर्षों में पोषण माह/पोषण पखवाड़ा में सभी सहयोगी विभागों एवं डेव्हलपमेंट संस्थाओं का सक्रिय एवं परिणाममूलक सहयोग प्राप्त होता रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी पोषण माह के प्रभावी, सुचारु एवं परिणाममूलक आयोजन तथा गतिविधियों में जनप्रतिनिधियों, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वंय सेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी, युवोदय स्वंयसेवको, महिला स्व-सहायता समूहों, महिला मण्डली, नेहरु युवा केन्द्रों, नेशनल कैडिट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

## जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन




### भौतिक सत्यापन करने निर्देश

कलेक्टर ने विगत दिनों टीएल की बैठक में किए जा रहे वजन त्यौहार को लेकर अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें अधिकारी खुद केन्द्र जाकर बच्चों की जांच करेंगे, जिससे यह पता लगाया जा सकेगा कि विभागीय प्रयास कितना कारगर हैं। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान निर्धारित दैनिक गतिविधियों के कलैण्डर अनुसार मुख्य रुप से एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, समग्र पोषण थीम्स पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

### जिले में 12194 बच्चे कुपोषित

जिले में वजन त्यौहार 2022 के आंकड़ों के आधार पर कुल 12194 बच्चे कुपोषित है जो कि कुल बच्चों का 12.10% था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के माह सितम्बर 2023 में हुए वजन त्यौहार के आंकड़ों के अनुसार कुपोषण 8.43% है, जिसमें 3.67% की कमी आई है। शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में कुपोषण को दूर करने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए निजी संस्थाओं को जोडा भी गया था। जिसका ही परिणाम रहा कि, 3.67 फीसदी तक कुपोषण कम हुआ है।

## खबर संक्षेप

### सीसी रोड निर्माण करने राशि स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा के एक कार्य ग्राम पंचायत गनियारी भिलाई 03 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए कुल 04 लाख 99 हजार 872 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक श्री डोमनलाल कार्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा द्वारा की जाएगी।

### विधायक ने ठेकेदार को लगाई फटकार

दुर्ग। मॉर्निंग विजिट के दौरान विधायक गजेंद्र यादव श्रमिकों से मिलने लेबर चौक पहुँचे और उनकी समस्या का समाधान कराये। कुछ महीने से उनको वेतन नहीं मिलने जानकारी देने तत्काल ठेकेदार को फोन कर फटकार लगाए और दो दिन के भीतर भुगतान करने आदेश दिये। नागरिकों से भेंट मुलाकात करने पहुँचे विधायक को श्रमिकों के वेतन की समस्या बताई तो वे स्वयं लेबर चौक पहुँचे और मौके पर उपस्थित श्रमिक साथियों के साथ बैठकर उनकी वेतन की समस्याओं की जानकारी लिए। श्रमिकों ने बताया कि, वे निजी कंपनी में कार्य रहे थे। कार्य पूरा होने के बाद भी काम का वेतन नहीं दिये महीनो से वेतन के लिए ठेकेदार गुमराह कर रहा है। विधायक श्री यादव ने इसे संज्ञान में लेते हुए कंपनी के ठेकेदार को फोन लगाकर फटकार लगाए और उन्होंने दो दिन के भीतर सभी का लंबित वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिए। श्री यादव ने कहा सभी अपने आधार कार्ड, पेन कार्ड सहित सभी दस्तावेज को दुरुस्त करने कहा, उन्होंने बताया कल ही विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार ने श्रमिकों के हित में दो महत्वपूर्ण घोषणा की किये है। अब प्रदेशभर में श्रमिकों को पांच रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा।

### कालेज में प्रवेश 30 तक

डौंडीलोहारा। स्थानीय संत राजाराम शदाणी नागरिक महाविद्यालय में इस वर्ष से पीजीडीसीए कोर्स प्रारम्भ किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में एमए भूगोल विषयों के साथ आगामी 30 सितंबर तक इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स में विषय में प्रवेश लिया जा रहा है।

## आगामी तीस सितंबर को रखी गई है निगम में सामान्य सभा की बैठक

# सामान्य सभा में 38 प्रश्नों के जरिए सत्तापक्ष का घेराव करेंगे विपक्षीय पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम का चुनाव नवंबर व दिसंबर माह में होने वाली है। इस बीच कांग्रेस द्वारा सामान्य सभा की बैठक आगामी तीस सितंबर को रखी गई है। सामान्य सभा के लिए अब तक 38 प्रश्न भी लग चुके है। इन सवालों के जरिए भाजपा के विपक्षीय पार्षद कार्यकाल के अंतिम सामान्य सभा में कांग्रेसियों को घेरने की तैयारी में है। ऐसे में सत्तापक्ष को भी काफी चुनौतियों का सामना करना पड सकता है।

जानकारी अनुसार अठारह सितंबर तक पार्षदों ने सचिवालय में सवाल लगाए है। जिसमें अंतिम तिथि तक 38 पार्षदों ने सवाल लगाया है। बताया गया कि, सवाल लगाने की तिथि सोलह सितंबर निर्धारित थी, लेकिन बाद में दो दिन और बढाया गया था। बहरहाल भाजपा पार्षदों ने इस सामान्य सभा में ज्वलंत विषयों को उठाया है। जिसमें गौठान होने के बादी मवेशियों के हालात और इसमें खर्च की राशि की जानकारी मांगी है। इसके आलावा पीएम आवास की राशि हितग्राहियों द्वारा जमा किए जाने के बाद भी मकान आबंटन नही किए जाने का मामला व वार्ड के सडकों की जर्जर स्थिति, कचरा निष्पादन प्लांट को लेकर सवाल लगाए है। इसके आलावा प्लेसमेंट में किए गए मनमानी भर्ती व उपादान की राशि को लेकर भी सवाल आए है। इसके आलावा स्पैरों कंपनी की मनमानी पर कार्यवाही की मांग जैसे मुद्दों पर विपक्षीय पार्षदों ने घेराव की तैयार कर ली हैं। इधर ऐसी भी चर्चा हैं कि, सामान्य सभा के लिए सवाल भी ले लिए गए। लेकिन नियमत सामान्य सभा की बैठक की जानकारी भी सार्वजनिक नही की गई।

**खास बातें**

- कार्यकाल की होगी यह अंतिम बैठक
- 18 सितंबर तक लिए गए सवाल
- कांग्रेस सरकार को घेरने की पूरी तैयारी

## कांग्रेस में उदासीनता तो भाजपा पार्षदों ने बनाई तगड़ी रणनीति




### एक अनार सौ बीमार की स्थिति

सूत्रों ने बताया कि, भाजपा की राज्य में सरकार बनने के बाद अब तक दस करोड रूपए अधोसंरचना मद से राशि मिली है। इस राशि को लेकर एक अनार सौ बीमार जैसी स्थिति हो गई है। खुद भाजपा के पार्षद भी वार्ड के विकास के लिए बराबर राशि बांटने की पेशकश कर चुके है। वही दूसरी तरफ महापौर सहित कांग्रेसी पार्षदों ने भी विधायक निवास पहुंचकर बराबरा राशि देकर विकास कार्य कराने की विगत दिनों मांग की थी।

### विभागीय बैठक से पीछे हटने का आरोप

भाजपा पार्षद अजय वर्मा का कहना है कि, मेयर की अगुवाई वाली एमआईसी मेंबरों ने विभागीय बैठक तक नही रखी हैं। उन्होने आरोप लगाया है कि, निगम चलाने में खुद मेयर की रूचि नही है। उन्होने कहा है कि, बजट बैठक और विशेष बैठक के आलावा पूरे कार्यकाल में गिनती की ही सामान्य आयोजित हुई हैं।

### कार्यकाल का अंतिम सभा

आगामी दिनों दिसंबर व नवंबर में निगम का चुनाव होने वाला है, इसलिए यह कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा की बैठक होगी। ऐसे में माना जा रहा है कि, यह सामान्य सभा काफी रोचक होगी। देखना हैं कि, फंड की कमी से जूझ रहे कांग्रेस के पार्षदों का क्या रूख होगा। बहरहाल ऐसी जानकारी मिली है कि, बैठक को लेकर एमआईसी मेंबरों की अब तक बैठक तक नही हुई हैं।

## जमीनी स्तर पर जुटेंगे जानकारी

# सरकारी योजनाओं को जानने ग्राम पंचायतों की खाक छानेंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को जानने के लिए कलेक्टर ने ग्राम पंचायतवार को अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये सभी अधिकारी दुर्ग, पाटन एवं धमधा ब्लाक के 297 ग्राम पंचायतों की खाक छांनेंगे और योजना के लाभ की जानकारी जमीनी स्तर पर जुटाएंगे।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में शासन की महत्वाकांक्षी योजनांतर्गत संचालित कार्यों का सफल व सुचारू क्रियान्वयन, अनुश्रवण, पर्यवेक्षणण हेतु समस्त ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड दुर्ग अंतर्गत 74 ग्राम पंचायतों, विकासखण्ड धमधा अंतर्गत 117 ग्राम पंचायतों एवं विकासखण्ड पाटन अंतर्गत 106 ग्राम पंचायतों हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। उक्त अधिकारियों को अपने-अपने ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है। समस्त नोडल अधिकारियों को उक्त कर्तव्यों का पालन करते हुए अधिकृत पंचायत का समय सीमा में निरीक्षण अनिवार्य रूप से करने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान निर्धारित प्रपत्र अनुसार समस्त कार्यों का अवलोकन किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण प्रतिवेदन माह की 10 एवं 25 तारीख तक अनिवार्य रूप से भरा जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन भरा जाना सुनिश्चित करने कहा है। अन्य माध्यमों से आवेदन प्रतिवेदन मान्य नहीं किया जाएगा।

- योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

### समस्या होने पर कलेक्टर को बताएंगे

निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर कलेक्टर को सूचित करने कहा गया है। नोडल अधिकारी केवल योजनाओं के निरीक्षण का कार्य संचालित करेंगे। किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही नही की जाएगी। इसके अलावा नोडल अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में सौंपे गए दायित्वों का पालन करते हुए समय-समय पर प्रगति कार्यों से कलेक्टर को अवगत कराना सुनिश्चित करने कहा गया है।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शारदा का असिरि पोलम्मा संघ ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आंध्र समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा सर्वोच्च राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त के शारदा को सम्मानित किया गया। असिरि पोलम्मा युवजन संघ ने खेदामारा शासकीय स्कूल की शिक्षिका शारदा का उनके पिता के गुम्मड़िराव और माता के सावित्री की मौजूदगी में सम्मान किया। के शारदा को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार लाने और विशिष्ट योगदान के लिए शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा था।

के शारदा ने न केवल अपने परिश्रम, लगन और नवाचार से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है, बल्कि छात्रों के जीवन को नई राह भी दिखाई है। युवजन संघ ने समाज को गौरवान्वित करने वाली शिक्षिका शारदा का स्मृति चिह्न, फूलमालाओं और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने उनका मुंह मीठा भी किया। सम्मान करने वालों में अध्यक्ष टी लोकनाथ, उपाध्यक्ष के वेंकटराव, महासचिव के कोरमाराव, कोषाध्यक्ष बी श्रीनू तथा पूर्व अध्यक्ष के गोपालराव सहित संरक्षक और पदाधिकारी शामिल हैं।

के शारदा ने कोरोना महामारी के दौरान डिजिटल संसाधनों का उपयोग करते हुए यूट्यूब में स्कूली शिक्षा से संबंधित वीडियोस को अपलोड किया और उन्हें बच्चों को भेजना शुरू किया था। जिससे बच्चों को गणित के जटिल सवालों को हल करने में आसानी हुई। ये वीडियोस कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के थे। उन्होंने 40-50 शैक्षणिक वीडियोस बनाए, जिनमें खेल-खेल में बच्चों को पढ़ने के लिए दिलचस्प कंटेंट मौजूद हैं।

**सामाजिक संगठनों ने किया सम्मान**



## कर्मचारियों: नियुक्ति के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कमी है। इसे लेकर जिला अस्पताल जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर ने गुरुवार को प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश यादव को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग की। श्री ठाकुर ने बताया कि, स्व पांडुरंग रामराव डोंगावकर जिला अस्पताल 500 बिस्तर की क्षमता वाला अस्पताल है। प्रतिदिन यहां 1 हजार से ज्यादा मरीज ईलाज के लिए पहुंचते है,लेकिन चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की कमी की वजह से कई दफे मरीजों को असुविधाओं का सामना करना भी पड़ता है। ऐसी स्थिति से निपटने जिला अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति करना जरुरी है। सौंपने के दौरान जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर के साथ मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर भी मौजूद रहे।

# ट्रैफिक पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग की सजगता से बड़ा हादसा रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हाइवे पेट्रोलिंग द्वारा लगातार सड़क से मवेशी हाटाने,घायलों को अस्पताल ले जाने, ख़राब वाहन के पीछे रेडियम लगाने का कार्य करती आ रही है।

एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश में एएसपी ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में नेशनल हाईवे 53 में अंजोरा बाईपास से कुम्हारी टोल प्लाजा 40 किलोमीटर के बीच में चार हाईवे पेट्रोलिग तैनात किए गए हैं। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि समय समय पर अन्य मार्ग मे लगने वाले जाम को हाटाने, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद, ख़राब वाहन के पीछे रेडियम लगाने, सड़क से मवेशी हाटाने, सड़क मे खड़ी वाहन को हाटाने का कार्य करते आ रही है। वाय शेप ओवर ब्रिज के ऊपर सड़क में आयल गिरे होने की सुचना मिलने पर टीम तुरंत हाइवे पेट्रोलिंग के जवानों के बिना देरी किये रेत लेकर सड़क मे गिरे आयल मे डाला गया।

जिससे किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना घटिक होने के संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन व्यवस्था अपडेट कर हादसे को होने से बचाया गया। हाईवे पेट्रोलिंग के जवानों की सूझबूझ का परिचय देते हुए शहर के लोगों को बड़ी अनहोनी होने से बचाया गया। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग सभी आम नागरिकों से अपील करती है कि सड़क दुर्घटना में घायलों की निसंकोच मदद करें और समय पर उनका इलाज मिलने से उनकी जान बचाई जा सकती है।

**वाय शेप ओवर ब्रिज के ऊपर गिरा था आयल**



# राहुल गांधी के खिलाफ दुर्ग कोतवाली में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रमुख नेता राहुल गांधी द्वारा विदेश में दिए गए एक बयान के खिलाफ जिला भाजपा संगठन द्वारा दुर्ग कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराया है। उनके आवेदन पर दुर्ग कोतवाली ने तत्काल ही अपराध दर्ज कर दिया है। अपराध दर्ज होने के बाद इधर कांग्रेस के प्रदेश संगठन से लेकर जिला स्तर तक खलबली मची हुई है। भाजपा द्वारा कोतवाली थाने में दिए गए गए आवेदन में जिक्र किया गया है कि, अमेरिका प्रवास के दौरान राहुल गांधी द्वारा भारत में राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अस्थिरता पैदा करके भारत को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी ताकतों के प्रतिनिधियों से भेंट करने और सिख समाज के धार्मिक प्रतीक पगड़ी और कड़ा को लेकर अमर्यादित और अप्रासंगिक टिप्पणी करके भारतीय लोकतंत्र भारत की सर्वसमावेशी सर्वस्पर्शी संवैधानिक व्यवस्था पर चोट पहुंचाने के साथ-साथ सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुचाया गया है। जिसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता गुरुवार की रात्रि 8:30 बजे सिटी कोतवाली थाना पहुंचे और एफआईआर दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी विजय यादव ने बताया कि, धारा 299,302 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सिटी कोतवाली थाना पहुंचे, जिनमे प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, विधायक गजेन्द्र यादव, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, के एस चौहान, अरविंदर खुराना आदि मौजूद थे।



- जिला भाजपा ने दर्ज कराई एफआईआर, विभिन्न धाराओं तहत अपराध दर्ज

## ननि जनवादी सफाई कामगार यूनियन आयुक्त से मिला

# रिसाली निगम के प्लेसमेट सफाई कामगारों को निर्धारित दर पर नहीं मिल रहा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन छग ने नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा से मिलकर सफाई कामगारों की लंबित मांगों के जल्द निदान की मांग की है। नियोजित प्लेसमेंट सफाई कामगारों ने बताया आयुक्त को बताया कि प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा छग शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन दर से भुगतान नहीं किया जा रहा है । आपके द्वारा 19 जून को ठेकेदार एलमेक टेक्नोक्रेट्स व रविन्द्र प्रसाद को नोटिस जारी कर न्यूनतम वेतन दर से भुगतान का पालन करने एवं पीएफ ईएसआईसी विसंगतियों को दुरुस्त कराने कहा गया था। लेकिन आज 5 माह बीत जाने के बाद भी प्लेसमेंट एजेंसीयों द्वारा निर्देशो का पालन नही किया गया है। इससे कामगारों को प्रति माह 260 से 280 रूपए नुक़सान हो रहा है। पिछले 5 माह के हिसाब से प्रति कामगारों का लगभग 1500 रूपए प्लेसमेंट एजेंसी की देनदारी बनती है।




नगर निगम रिसाली स्वच्छता विभाग में मेन पावर के रूप तकरीबन 600 सफाई कामगार नाली, झाड़ू, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, कंपोस्ट एसआरएम सेंटर एवं कचरा परिवहन में कार्यरत हैं । इन्हें ना समय पर वेतन भुगतान किया जाता है और ना तो सुरक्षा सामग्री, वेतन पर्ची, एम्प्लॉयमेंट कार्ड,गमबूट, दस्ताने यूनिफार्म ही दिया जा रहा है नियमित कर्मचारी एवं प्लेसमेंट कर्मचारी कार्य उपस्थिति को सुदृढ़ करने निष्ठाएप से हाजिरी लगाने निर्देशित किया गया है। फिर भी करीबन 200 ऐसे प्लेसमेंट सफाई कामगार हैं, जिनके निष्ठा उपस्थिति नही लगाया जाता है और नही उन्हें न्यूनतम वेतन दर से भुगतान किया जाता है कामगारों के 26-27 कार्य दिवस करने के बाद भी 6000 या 6500 रूपए ही एंजेसीयों के द्वारा कामगारों के बैंक खाते में जमा किया जाता है । नगर निगम व श्रम विभाग के नियमों के तहत ठेका/ प्लेसमेंट कामगारों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के अनुसार छग शासन द्वारा जारी निर्धारित न्यूनतम वेतन दर से भुगतान किया जाना चाहिए।

### नहीं मिल रहा निर्धारित दर पर वेतन

वर्तमान में छग शासन ने 45 नियोजनों के लिए जिसमें कुशल/अर्द्धकुशल/अकुशल एवं अति कुशल कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन अप्रैल 2024 से अक्टूबर 2024 तक निर्धारित दर लागू हैं । सफाई कामगार अकुशल के श्रेणी में आते हैं, जिन्हें प्रतिदिन 410 रूपए एवं मासिक 10,900 रूपए है जिसमें पीएफ 12 प्रतिशत, 0.75 प्रतिशत ईएसआईसी अंशदान कटौती कर 365 रूपए प्रति कामगारों को मिलना चाहिए लेकिन ठेकेदार 351या 352 रूपए ही खाते में जमा किया जा रहा है । प्रतिनिधि मंडल में मनोज कोसरे, पंचराम, कार्तिक, हेमा,नेमीन, पिंकी, सुलोचना, त्रिवेणी आदि समस्त सफाई कामगार शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### नए नायब तहसीलदार ने संभाला कार्यभार

**पाटन।** पाटन तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार चंद्रशेखर कंवर का स्थानांतरण होने के बाद पाटन में नये नायब तहसीलदार मनोज कुमार रस्तोगी ने कार्यभार संभाला है। उन्होंने पदभार ग्रहण करते हुए अपने कर्मचारियों से मुलाकात किये और उन्होंने अपने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आम जनता के मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी राजस्व संबंधित कार्यों में तेजी लाने को भी कहा गया। आय-जाति, निवासी पेंडिंग कार्यों को जल्द से जल्द करने कहा गया। तहसील में उपस्थित दीपक यादव, बालेश्वर, अमर लहरी, ताराचंद भूयार्य, सुमित देवांगन, प्रेमप्रकाश आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

### माता कौशल्या की लघु फिल्म रायसुमारी का होगा प्रदर्शन

**जामगांव आर।** रामायण में माता कौशल्या की महती भूमिका की जीवंत चित्रण करते हुए डेढ़ घंटे का लघु फिल्म जामगांव आर की सांस्कृतिक आधार स्तंभ सेवानिवृत्त बीएसपी स्कूल व्याख्याता नारायण चंद्राकर मैत्री कुंज भिलाई द्वारा तैयार किया गया है। जिसका रायसुमारी प्रदर्शन जैन भवन जामगांव आर में 22 सितंबर को प्रबुद्ध वर्ग के समक्ष किया जाएगा। उक्त जानकारी नारायण चंद्राकर ने दी है।

### धूमधाम से किया गया गणेश विसर्जन



**अंडा।** ग्राम अंडा सहित ग्रामीण क्षेत्र में गणेश पूजा से पूरा क्षेत्र में भक्तिमय माहौल रहा। साथ ही गणेश विसर्जन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस दौरान भक्तगण गणेश की भक्ति में लीन थे।

### कुर्मी समाज उतई नगर इकाई अध्यक्ष मोरध्वज बने



**सेलूद।** कुर्मी भवन उतई में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई उतई के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ जिसमें मोरजध्वज वर्मा सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुआ। भूषण लाल वर्मा निर्विरोध उपाध्यक्ष एवं महेंद्र कुमार वर्मा निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुआ। इस अवसर पर रंजना वर्मा महिला अध्यक्ष पाटन राज, अरुण वर्मा क्षेत्र प्रधान, रवींद्र वर्मा पूर्व अध्यक्ष, परमानंद वर्मा पूर्व कोषाध्यक्ष, मुकेश वर्मा पूर्व सचिव, मोतीलाल वर्मा, सीपी वर्मा, सुषमा वर्मा महिला अध्यक्ष, सुनीता वर्मा सचिव, हुलसी वर्मा, शेषनारायण वर्मा, ईश्वर वर्मा, दौलत राम वर्मा, भोलाराम वर्मा, डॉ प्रहलाद वर्मा पार्षद आदि उपस्थित थे।

### निधन

**रोहणी मिश्रा**




**भिलाई।** मोहन नगर आमापारा निवासी रोहणी मिश्रा उम्र 80 वर्ष का निधन गुरुवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी तट पर किया गया। वे शैलेश एवं शैजेश की मां थीं।

## विकासखंड स्तरीय स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में हुई पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिता, स्वच्छ रखने दिलाई शपथ

# स्वच्छ वातावरण से स्वस्थ समाज का होगा निर्माण: ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में गांव को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाई



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरई में जनपद पंचायत दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्वच्छता की सेवा 2024 विकासखण्ड स्तरीय स्वच्छता दीदी एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विभिन्न पारंपरिक खेलकूद आयोजित किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। वहीं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर द्वारा उपस्थित ग्रामीणजनों को गांव को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाई।

वहीं स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम के तहत खो खो विजेता सोनम यादव ग्रुप रिसामा, उपविजेता खिलेश्वरी ग्रुप नगपुरा, रस्साकाशी विजेता नंदनी देशमुख ग्रुप नगपुरा, उपविजेता कमलेश्वरी देशमुख अंडा, कबड्डी विजेता ओम बाई ग्रुप रिसामा, उपविजेता यामनी देशमुख ग्रुप नगपुरा, पिट्ठुल विजेता सुनिता साहू रिसामा, उपविजेता दिनेश्वरी, बिल्लस विजेता खोपली पूनम देशमुख, उपविजेता नगपुरा नंदनी देशमुख, फुगड़ी प्रथम मोंगरा साहू, द्वितीय आशा देशमुख, लंगड़ी दौड़ विजेता खिलेश्वरी माया, उपविजेता इंद्राणी साहू, ममता साहू रही। वहीं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सभा को संबोधित करते कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है और इसके तहत विभिन्न गतिविधि आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा का मुख्य उद्देश्य है हम अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखें एवं अपने आप को भी साफ-सुथरा रखें। गांव को साफ-सुथरा रखना हम सबकी जिम्मेवारी है। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ्य समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम का समापन 2 अक्टूबर को होगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पांडे, सरपंच उमा रिगरी, उपसरपंच शीतला ठाकुर, खोपली सरपंच मंजु वर्मा, मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, वरिष्ठ कार्यकर्ता चंदू देवांगन, शैलेश साहू, राकेश सेन, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई सीमा दवे, विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी अशोक रिगरी, पीटीआई दुर्गेश शुक्ला, दुष्यंत देशलहरे, संध्या दुबे, सरस्वती बंजारे, प्रीती जोशी, तुम्मान देवांगन, अजीत पाठक, सुनील डर्सेना, राजेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नपं अध्यक्ष हिरवानी ने स्वच्छता रैली को दिखाई हरी झंडी



**उतई।** भारत सरकार के निर्देशानुसार नगर पंचायत उतई क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 अभियान के तहत प्रथम दिवस नगर पंचायत उतई के अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की उपस्थिति में स्वच्छता शपथ के साथ ही कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। जिसके पश्चात डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कार्य में लगे ई-रिक्सा वाहन को नगर पंचायत अध्यक्ष डीकेंद्र हिरवानी द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। वहीं स्वच्छता रैली बाजार चौक से मिनीमाता चौक तक तथा कॉलेज ग्राउंड में दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। जिसमें बालक वर्ग में प्रथम स्थान सुमित कुमार मंडल, द्वितीय स्थान कुणाल लोधी एवं तृतीय स्थान प्रतीक देवांगन रहे। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान किरण देवांगन द्वितीय स्थान आस्था कोठारी एवं तृतीय स्थान प्रेयसी देवांगन रहे। इसी प्रकार नगर पंचायत उतई के कर्मचारियों द्वारा भी दौड़ में भाग लिया गया जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम लक्ष्मीकांत सिरमोर द्वितीय नरोत्तम देशलहरे एवं तृतीय कमलेश ठाकुर रहे और महिला वर्ग में प्रथम सुषमा यादव द्वितीय चेमीन यादव एवं तृतीय प्रिती यादव रही।

### विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता साइकिल रैली





**नंदिनी अहिवारा।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तीसरे दिवस आज नगर पालिका परिषद अहिवारा द्वारा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों द्वारा स्वच्छता साईकल रैली, स्वच्छता मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में निकाय के अध्यक्ष नटवर लाल ताम्रकार, अनुज साहू, शिब्बू अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, शुभम महतो, जागृति साहू, आकाश भारती, सूर्यप्रकाश एवं आत्मानंद स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

### स्वच्छता पखवाड़ा और खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**अंडा।** ग्राम पंचायत रिसामा में स्वच्छता पखवाड़ा और जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महामंत्री ढालेश साहू, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पांडे, अशोक साव, गौरव मिश्रा, नीलू चंद्राकर, ऋचा मिश्रा, अंशुल हल्दकर, शिक्षक चंद्राकर पंच मानसिंग, रोशन, पूर्णिमा, रामेश्वरी, भानुप्रिया, उपस्थित थे। कार्यक्रम में 19 गांव की महिलाओं तथा स्कूली बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें कब्बड्डी, पिट्ठुल, बिल्लस, फुगड़ी, रस्साकसी, लंगड़ी दौड़ जैसे खेलों का आयोजन हुआ और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया। इसके साथ ही स्वच्छता शपथ लिया गया। चौंक-चौराहों की सफाई भी की गई। स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने तथा अपने आसपास सफाई रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बर्तन बैंक की संस्थापिका श्रद्धा साहू भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता और सफल आयोजन ग्राम पंचायत सरपंच गीता बैकुंठ महानंद द्वारा किया गया।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ, एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण

**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद् कुम्हारी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर द्वारा किया गया। जिसमें स्वच्छता शपथ, स्वच्छता श्रमदान, स्वच्छता रैली आदि का आयोजन किया गया। इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाया गया एवं हरी झंडी दिखा कर स्वच्छता रैली को रवाना किया गया। स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत स्वच्छता रैली निकाली गई। आदर्श गौठान में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष के अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर, जन प्रतिनिधि थनेश पटेल, मनहरण यादव एवं समस्त अधिकारी, जिला समन्वयक गौरव केशरवानी और पालिका के समस्त अधिकारी स्वच्छता दीदी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।




### जामगांव आर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में हुई महिला खेल प्रतियोगिता




**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत जामगांव आर में स्वामी आत्मानंद स्कूल में क्लस्टर स्तरीय 'स्वच्छता ही सेवा' एवं महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न खेल जैसे-पिट्ठुल, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकस्सी, बिल्लस, फुगड़ी इत्यादि खेलों का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में जनपद सीईओ मुकेश कोठारी, अतिरिक्त सीईओ श्वेता यादव, मनरेगा से डालिमलता नाग, जनप्रतिनिधि नरेश केला, अंगेश्वर साहू, मेघनाथ सगरवंशी, अशोक साहू , रूपेंद्र शुक्ला, रश्मि राजपूत संयोजिका, पूर्णिमा ठाकुर, किशोर साहू, खिलेश यादव जनपद सदस्य, सरपंच राजकुमार ठाकुर, उषा महलवार पंच, सचिव नरेश महतो, नरेश पटेल, मानसिंह नाविक, शिवप्रसाद साहू, ग्रामवासी, बिहान से एरिया कोऑर्डिनेटर अमित द्विवेदी, पीआरपी गीतांजलि साहू, बिहान की दीदी और समस्त कैडर शामिल हुए।

# ओबीसी सर्वे की सीएमओ ने ली समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नपाप कुम्हारी में ओबीसी सर्वे के संबंध में वार्ड के सभी बीएलओ का पालिका में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नेतराम चन्द्राकर के अध्यक्षता में बीएलओ द्वारा किये जा रहे अन्य पिछडा वर्ग का सर्वे कार्य की समीक्षा एवं विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कुछ वार्डो में संतोषजनक प्रगति दिखाई नहीं देने के कारण नाराजगी व्यक्त की गई एवं छुटे हुए घरों का पूर्ण तरीके से सर्वे का कार्य पालिका द्वारा अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर पूर्ण करने हेतु आवश्यक हिदायत दी गई। ज्ञात हो कि अब तक नगर पालिका क्षेत्र में लगभग 5100 ओबीसी घरों में से 3102 ओबीसी घरों का सर्वे किया जा चुका हैं, शेष घरों का सर्वे आगामी 24 सितम्बर 2024 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। उक्त बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर सहित कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी आदि मौजूद थे।

■ कुछ वार्डों में धीरे कार्य के लिए जताई नाराजगी

### शिक्षादूत पुरस्कार से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमेरी से लगातार दूसरे वर्ष भी मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 'शिक्षादूत' पुरस्कार सम्मान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। प्रथम वर्ष आदित्यनारायण वर्मा, इस वर्ष साखीराम साहू सहायक शिक्षक ने नवाचार, खेल-खेल में शिक्षा, विविध गतिविधियों, रोचक खेल, बालकेन्द्रीत शिक्षा, छत्तीसगढ के पारंपरिक तीज-तिहार का प्रस्तुतीकरण आदि कार्यक्रम शामिल है। इस पुरस्कार में विशेष योगदान बच्चों और मार्गदर्शक शिक्षकों, साथ ही परिवार के सदस्यों का विशेष योगदान रहा है। संकुल समन्वयक खिलेश वर्मा का भी विशेष योगदान रहा है। प्रधानपाठक देवलाल पटेल, अरूण कुमार मरकाम, शिक्षक मुकेश कुमार वर्मा, आदित्यनारायण वर्मा, प्रीति शुक्ला, टिकेश्वरी वर्मा ने बधाई दिए हैं।

## तरीघाट स्कूल में एनएमएमएसई की मॉडल प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन



**पाटन।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तरीघाट में एनएमएमएसई की प्रथम मॉडल प्रतियोगी परीक्षा 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 21 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। ज्ञात हो कि कमलकांत देवांगन शिक्षक के द्वारा विद्यालयीन दिवस में प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे तक एनएमएमएसई की विशेष कक्षा का आयोजन किया जाता है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1000 रू. छात्रवृत्ति प्राप्त होती है। इससे लाभान्वित होकर पूर्व वर्ष इस विद्यालय से एक विद्यार्थी का चयन हुआ है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग )**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण कमांक अ/5

वर्ष 2023-2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक वासुदेव घनघोरकर आ. स्व. देवराव घनघोरकर साकिन जुनवानी द्वारा ग्राम कोहका प. ह.न. 45 स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 2270/4 रकबा 2000 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर कय किया था, जिसके नक्शा में सुधार किये जाने बाबत संहिता की धारा 107 के तहत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय को प्रेषित किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः उपरोक्त भूमि की नक्शे में हुए सुधार किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27.9..2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 10.9.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग )

**आम सूचना**

दिनांक 19/09/2024

सर्वसधारण - आमजनता, संस्था, निगम, बैंक एवं अन्य संस्थाओं को सूचित कर रहे हैं कि भूमि स्वामीगण शाबरा परवीन पति स्व. मोहम्मद तनवीर, मो. फैजान आ. मो. नासीर, मो. यासीन आ. स्व. नासीर, मो. असरद आ. स्व. मो. नासीर सभी निवासी तकियापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व हक की मौजा कोनारी मुख्य मार्ग में भूमि/प्लाट खसरा नंबर 110/4 रकबा 0.12 हे. स्थित है जिसे क्रेतागण सुनील कुमार जैन आ. लक्ष्मीचंद जैन ऋषभ कॉलोनी दुर्ग एवं जितेन्द्र कुमार साहू आ. श्री मनहरण लाल साहू गयानगर दुर्ग ने क्रय करने का पक्का सौदा कर एग्रीमेंट निष्पादित कर दिया है तथा एक माह के भीतर उक्त भूमि का रजिस्ट्री करा ली जावेगी यदि उक्त भूमि के क्रय विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो या हक अधिकार होने के संबंध में दावा आपत्ति हो तो प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर हमारे विधिक सलाहकार श्री अशोक वर्मा अधिवक्ता के समक्ष प्रस्तुत करें।

स्थान-दुर्ग
दिनांक
19/09/2024

भवदीय
(अशोक वर्मा)
अधिवक्ता, बार रूम नं. 2
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मो : 9753052568

**नाम परिवर्तन**

मैं शपथकर्ता अवसरलू पवन पिता श्री अवसरलू शेष गिरो, आयु 26 वर्ष, निवासी मकान नं.- 33, डाक बंगला, वार्ड नं- 40, पुरैना, चरोदा भिलाई, तहसील भिलाई- 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ किः-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड, पेन कार्ड, जारी हुआ है जिसमें मेरा नाम ए पवन (A. Pavan) पिता श्री अवसरलू शेष गिरी (Avsralu Shesh Giri) दर्ज है।
3. यह कि मेरे नाम से शैक्षणिक अंकसूची जारी हुआ है जिसमें मेरा नाम ए पवन (A. Pavan) पिता श्री ए. शेषगिरी (A Sheshgiri) दर्ज है।
4. यह कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम अवसरलू पवन (Avsralu Pavan) पिता श्री अवसरलू शेष गिरी (Avsralu Shesh Giri) है जो कि सत्य एवं सही है।
5. यह कि अवसरलू पवन (Avsralu Pavan) एवं ए पवन (A. Pavan) दोनो नाम मेरा ही है किसी अन्य व्यक्ति का नाम नहीं है।
6. यह कि अवसरलू शेष गिरी (Avsralu Shesh Giri) एवं श्री ए. शेषगिरी (A Sheshgiri) दोनो नाम मेरे पिताजी के ही है किसी अन्य व्यक्ति का नाम नहीं है।
7. यह कि शासकीय गजट प्रकाशन में मेरा सही एवं वास्तविक नाम अवसरलू पवन (Avsralu Pavan) पित्ता श्री अवसरलू शेष गिरी (Avsralu Shesh Giri) दर्ज करवाना चाहता हूं।
8. यह कि उपरोक्त बातो की सत्यता के प्रमाण में शपथ पत्र श्रीमान समक्ष अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
अवसरलू पवन

**न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202409101500056**

**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

**विषयः- अ-6 अ** **सनः- 2023-2024**

**खम्हरिया (प.ह.न. 00007),**

**पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- रीना साहू, अनावेदक पक्षकार - छ.ग.,**

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका रीना साहू पति सुरेश कुमार साहू निवासी रमण मंदिर वार्ड, फाफाडीह, चुनाभटठी प्राइमरी स्कूल के पास रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपने हक एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 07 तह. पाटन जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 262/4 रकबा 0.09हे. भूमि जिसके ऋण पुस्तिका क्रमांक 2092802 है। उक्त भूमि आवेदिका द्वारा क्रयशुदा भूमि है जिसको विक्रेता विद्याभूषण सिंह आ. एस.एस.सिंह वगैरह से दिनांक 01.06.2015 को क्रय किया है तथा प्रमाणीकरण करा कर ऋण पुस्तिका भी प्राप्त कर लिया है। उक्त भूमि ऑनलाईन रिकार्ड में त्रुटिवश किसी अन्य व्यक्ति मनीष बेगानी पिता विमलचंद बेगानी के नाम पर दर्ज हो गया है, जो त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार कर आवेदिका रीना साहू पति सुरेश कुमार साहू का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रकरण दर्ज किया गया। हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन लिया जावें। दैनिक समाचार पत्र एवं ग्राम में ईश्तहार का प्रकाशन हो। उक्त त्रुटि के संबंध में जांच प्रतिवेदन दिनांक 30.09.2024 तक इस न्यायालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 30/09/2024 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

भूपेन्द्र सिंह
नायब तहसीलदार
पाटन, जिला-दुर्ग

## विधायक ललित भूमिपूजन कार्यक्रम में हुए शामिल

# झोला में नवीन कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



ग्राम झोला में आयोजित नवीन विकास कार्यों की भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। वहीं विधायक द्वारा झोला सीसी रोड पुराना श्मशान घाट से पंचायत कछार तक 6 लाख रूपये, मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं उन्नयन प्राधिकरण मद से शिवाजी चौक के पास डोम शेड निर्माण लागत राशि 14 लाख, मंडी समिति से शिवाजी स्थल पर मंच निर्माण कार्य लागत राशि 6.37 लाख, मंडी समिति से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ आधार शिला रखी कुछ दिनों में बनकर तैयार हो जाएगा और लोगों को सुविधा उपलब्ध होगा। साथ ही बाढ़ प्रभावित ग्रामवासियों से मिलकर कुशलछेम जाना। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, जनपद सदस्य हेमकुमारी देशमुख, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन, सरपंच धीरपाल देशलहरे, उपसरपंच जीवन सिंह, जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन, भगत यादव, महासिंह धनकर, पवन सिन्हा, चंद्रप्रकाश बेलचंदन, दुर्वित अमृत, अश्विनी अमृत, परशु पटेल, माधव निषाद, टिकेश्वर दिल्लीवार साहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधाय ललित चंद्राकर ने कहा कि सरकार बने मात्र अभी 9 महीना ही हुए हैं और इतने कम समय में हमने आपके गांव के लिए 26.37 लाख रूपये की सौगात दी हैं। झोला के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगी। आने वाले 5 सालों में आपके गांव का यह चहमुखी विकास करेंगे और आपके गांव को आदर्श गांव बनाएंगे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा वेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### जिले के खिलाड़ियों ने फिर लहराया परचम

**भिलाई।** रायपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल में हुई सीबीआई फार ईस्ट जोन प्रतियोगिता में 11 राज्य के 900 प्रतियोगियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता में क्लब इनफिनिटी भिलाई के अगस्त्य खूँटेल (7-9 वर्ष) आयु वर्ग के क्वाड कैटेगरी में 2 स्वर्ण पदक ,पुलकित वर्मा (7-9 वर्ष) आयु वर्ग इनलाइन कैटेगरी में 2 स्वर्ण पदक, ऐरिक सिंह (7-9 वर्ष) क्वाड कैटेगरी में 1 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक, समृद्धि शर्मा (14-17 वर्ष) क्वाड कैटेगरी में 1 स्वर्ण व 1 रजत पदक, पूर्वा ठाकुर (14-17 वर्ष) क्वाड कैटेगरी में 1 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक ,आयुष वर्मा (11-14 वर्ष) क्वाड कैटेगरी में 1 रजत पदक, खुशी चनपूरीया (9-11 वर्ष) क्वाड कैटेगरी में 1 रजत पदक, स्वाति त्रिपाठी (7-9 वर्ष) आयु वर्ग में 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। सभी प्रतियोगियों ने 14 पदक जीते ।

### अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन 23 को

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में दिनांक 23 सितम्बर अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन शाम 7.30 बजे से किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के कवि भाग लेंगे।हास्य एवं व्यंग्य कवि श्री अरुण जैमिनी व चिराग जैन तथा भिलाई के किशोर तिवारी आदि कवि कविता पाठ करेंगे।

### बीएसपी के 5 कर्मचारियों ने जीता पुरस्कार

**भिलाई।** सीआईआई पूर्वी क्षेत्र द्वारा कलकत्ता में हुई पूर्वी क्षेत्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के पांच कार्मिकों ने पुरस्कार जीते हैं। लर्निंग एवं डेवलपमेंट विभाग द्वारा 9 ट्रेड कारपेंटरी, कंप्यूटर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, हाइड्रोलिक, मशीनिस्ट, पीएलसी, वेल्डर तथा टर्नर ट्रेड में आयोजित ईडी वर्क्स ट्रॉफी फॉर वर्क स्कील कॉम्पिटिशन के चयनित 27 विजेता प्रतिभागियों ने क भाग लिया था।

# स्कूल, कॉलेज, सिनेमाघर, मॉल व हॉस्पिटल सुरक्षा की होगी जांच

## भिलाई निगम ने जांच के लिए बनाई सुरक्षा आडिट समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी संस्थानों की सुरक्षा को लेकर आडिट होगी। पहले भी इसका आदेश संचालक संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास इन्द्रवती भवन नवा रायपुर के द्वारा जारी किया गया था, लेकिन इस मामले में निगम ने आगे पहल नहीं की थी। अब भिलाई निगम प्रशासन ने संस्थानों का सुरक्षा ऑडिट किया जाना है। इसके लिए समिति बना ली है।

### कोचिंग सेंटरों को लेकर ज्यादा शिकायत

भिलाई क्षेत्रों में सबसे ज्यादा कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे हैं। इन सेंटरों में क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाया जाता है। कमरे भी इतने छोटे_छोटे हैं कि हवा_पानी की समस्या है। ज्यादातर कोचिंग संस्थानें तीन व चार मंजिला मकान में चलाए जा रहे हैं। जिसकी वजह से बच्चों को सुविधाएं नहीं मिल पाती। अग्निशमन यंत्रों सहित सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी की वजह से कभी भी बड़ी दुघर्टना हो सकती है। इसी तरह कई निजी स्कूलों में प्राइमरी तक संचालित हो रहे हैं। यहां किसी छोटे से मकान में या फिर किराए के मकान में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। इन संस्थानों में भी सुरक्षा के उपाय ही नहीं जुटाए गए हैं। इसलिए ऐसे सेंटर टारगेट में हैं।



### गाइडलाइन का पालन करवाने समिति

इस निर्देश के आधार पर भिलाई निगम आयुक्त अशोक द्विवेदी ने शहर के सभी कोचिंग सेंटर, स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, सिनेमा घर, सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थानो की सुरक्षा जांच के निर्देश दिए हैं। इन सभी जगहों की सुरक्षा ऑडिट की जाएगी और रिपोर्ट तैयार कर निगम आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इन संस्थानों द्वारा शासन के निर्धारित सुरक्षा गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है, जिस आधार पर अनुमति ली जाती है, उन नियमों की अनदेखी की जाती है। लगातार मिल रही शिकायत के आधार पर जांच का निर्णय लिया गया है।

### सुरक्षा ऑडिट समिति का गठन

निगम आयुक्त अशोक कुमार द्विवेदी ने आदेश जारी करते हुए पुनः सुरक्षा ऑडिट समिति का गठन किया है। समिति में प्रमुख रूप से अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा, प्रभारी राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी को समित का कार्य सौंपा गया है। 1 माह के भीतर जांच किया जाना है। साथ ही समिति परीक्षण कर पालन प्रतिवेदन तैयार करेगा। इसके आधार पर जानकारी तैयार कर अधोहस्ताक्षरकर्ता को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

## संयुक्त यूनियन ने प्रदर्शन कर सेल चेयरमैन के नाम सौंपा ज्ञापन

# बोनस फॉर्मूला में जल्द करें परिवर्तन और लंबित एरियर्स का हो भुगतान

### आरआईएनएल और एफएसएनएल का तत्काल रोकें निजीकरण का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई की संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा बोनस फार्मूला में परिवर्तन करने, 39 महीने का एरियर देने और आरआइएनएल का निजीकरण रोकने की मांग को लेकर गुरुवार को बोरिया गेट पर प्रदर्शन किया । उसके बाद सेल चेयरमैन के नाम का ज्ञापन आईआर विभाग में सौंपा । ज्ञापन में सभी मांगों को जल्द पूर्ण करने की मांग की गई।

बीएमएस, इंटक, सीटू , एटक, एचएमएस एक्टू लोईमू एवं इस्पात श्रमिक मंच के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में कर्मचारियों के साथ गुरुवार को बोरिया गेट पर सुबह 8 बजे से 9 बजे तक प्रदर्शन किया । इस दौरान यूनियन नेताओं ने प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ में नारेबाजी की एवं सभी यूनियन के वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेल प्रबंधन अपनी मनमानी कर रहा है एमओयू हुए लगभग 3 वर्ष होने जा रहा है लेकिन अभी तक कर्मचारियों का लाखों रुपए का एरियर दबा कर बैठा है ।

यूनियन नेताओं ने यह मांग रखी कि जल्द से जल्द बोनस फार्मूले में परिवर्तन किया जाए। वर्तमान बोनस फार्मूला प्रबंधन के कर्मचारी हित में नहीं है वर्तमान फार्मूले से बहुत कम राशि बोनस के रूप में मिल रही है 1 इसलिए जल्द से जल्द बोनस फार्मूला में परिवर्तन कर दुर्गा पूजा से पहले बोनस दिया जाए। यूनियन नेताओं ने विशाखापट्टनम स्टील प्लांट का निजीकरण करने का विरोध किया एवं इसको सेल में समाहित करने की मांग की ।

संयुक्त यूनियन ने प्रदर्शन के बाद आईआर विभाग पहुंचकर सेल चेयरमैन के नाम का ज्ञापन आईआर विभाग के महाप्रबंधक जे एन ठाकुर को सौंपा 1 इस दौरान महाप्रबंधक विकास चंद्रा एवं सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित भी उपस्थित थे ।

### कर्मचारियों की मांगों

उल्लेखनीय है कि संयुक्त यूनियन द्वारा लंबित एरियर्स सहित बीएसपी व कर्मियों को अहम अन्य लंबित मांगों को भी जल्द पूरा करने बीएसपी व सेल प्रबंधन का कई बार ध्यानाकर्षित किया लेकिन कार्रवाई शिफर है। इससे कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियन के मुताबिक प्रमुख मांगों में एफएसएनएल को सेल में विलय करने, 1 जनवरी 2017 से लंबित वेज रिवीजन को पूर्ण कर 39 महीने का एरियर का भुगतान जल्द करने, ग्रेच्युटी पर से सीलिंग समाप्त कर पहले की भांति बिना सीलिंग के ग्रेच्युटी लागू व बोनस फार्मूला में परिवर्तन कर दुर्गा पूजा से पूर्व बोनस दिलाने व हायर पेंशन स्कीम के लिए ईपीएफओ रायपुर द्वारा अनावश्यक रोड़ा अटकाते हुए भिलाई के कर्मियों का हायर पेंशन रोका गया है बाधा दूर करने की मांग की।

### स्थानीय मुद्दे

टाउनशिप को अवैध कब्जे से बचाने के लिए 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को लाइसेंस पर देने जेएलन हास्पिटल मे स्पेशलिस्ट डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की जल्द भर्ती करने, डी -ग्रेड हुए नॉन टेक्निकल कर्मचारियों का भी ट्रेनिंग पीरियड जोड़ने, सुविधायुक्त बड़े मैरिज हाल बनवाया जाए ।

# विद्यार्थियों को सिखाया गया मूल्यों के साथ जीवन जीना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बीएसपी के शिक्षा विभाग के कार्यक्रम में एथिक्स क्लब का गठन

भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता और शिक्षा विभाग की पहल से बीएसपी स्कूल के बच्चों में नैतिक मूल्यों को विकसित करने के कार्यक्रम के तहत, सुनीति उद्यान सेक्टर–8 में के लिए एथिक्स क्लब निर्माण किया गया है। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य और कार्यपालक निदेशकों की उपस्थिति में "स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत एथिक्स क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, पवन कुमार, बीके गिरी, अरुण कुमार, डीएन करन सहित सीजीएम संदीप माथुर, उत्पल दत्ता, सीएमओ कौशलेन्द्र ठाकुर व जीएम सत्यब्रत कर, महाप्रबंधक जेकब कुरियन, एच शेखर, शिखा दुबे, अतुल नौटियाल, संदीप गुप्ता और अनिकेत ओझा भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में 8 बीएसपी स्कूलों से 80 बच्चे शामिल हुए । शालेय विद्यार्थियों द्वारा, नैतिक मूल्यों पर आधारित वाल मैगजीन और पोस्टर प्रदर्शनी प्रदर्शित हुई और विद्यार्थियों द्वारा नैतिक मूल्यों के बारे में बताया गया।

मुख्य अतिथि ने शालेय छात्रों द्वारा चित्रित नैतिकता, अखंडता, देशप्रेम, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, सद्भावना आदि पर संदेशों की समीक्षा करने के बाद, एथिक्स क्लब का ध्वज वंदन किया। बच्चों को नैतिकता की शपथ दिलाई गई।

### नैतिक मूल्यों पर अमल करें: दासगुप्ता

श्री दासगुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी 12 नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में ढालें और उस पर अमल भी करें। निश्चित रूप से आपको जीवन के सभी क्षेत्रें चाहे वह शैक्षणिक रूप से प्रतिभाशाली बनना हो, एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज हो या संचार कौशल को सहज और अच्छा बनाना हो यह नैतिक मूल्य सहायक होते हैं। मूल्यों का आधार मजबूत नहीं होगा, तब तक हम जीवन में प्रगति या उन्नति नहीं कर सकते। अतिथियों ने बच्चों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम का संचालन सरिता बहल ने किया।

# सभी धर्म ग्रंथों व पंथों में सत्य का आदर: डॉ. श्याम सुंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- भागवत कथा का दूसरा दिन





श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन की कथा में कथा व्यास पूज्य श्याम सुंदर पाराशर महाराज ने कहा किसी भी कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व मंगलाचरण किया जाता है जिसमें मंगल में प्रभु के नाम का स्मरण किया जाता है। क्योंकि संसार में केवल भगवान नाम ही मंगलमय है श्रीमद् भागवत कथा में मंगलाचरण में सुखदेव महाराज ने सत्य की वंदना की है सभी धर्म ग्रंथो में सभी समुदायों में और सभी पंथों में सत्य का आदर किया गया है । हर व्यक्ति अपने लिए सत्य की परिकल्पना करता है चोरी करने वाले चोर जब आपस में बटवारा करते हैं तो वह चाहते हैं सत्यता के साथ ही बटवारा हो इसलिए सब जगह सत्य की महिमा है आगे कथा में महाभारत की कथा का वर्णन करते हुए कुंती महारानी की स्तुति का वर्णन किया जिसमें कुंती ने भगवान से वरदान के रूप में विपत्ति मांगी। विपत्ति में महाराज का चरण बना रहे वह विपत्ति परम श्रेष्ठ है क्योंकि हर व्यक्ति सुख प्राप्त करते ही ठाकुर जी को भूल जाता है जब कष्ट आता है तभी भगवान याद आते हैं ।

## भिलाई इस्पात संयंत्र ने सिविक सेंटर में स्वच्छता जागरुकता शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

'स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग (टीएसडी) द्वारा 20 सितंबर को संध्याकाल 7 से 8.30 बजे तक सिविक सेंटर में नेहरू आर्ट गैलरी के समीप सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह पहल स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता पर केंद्रित है तथा इस वर्ष के अभियान की थीम 'स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता' पर आधारित है, जो कि दैनिक जीवन के समस्त पहलुओं में स्वच्छता प्रथाओं को बनाए रखने हेतु व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देती है।

2 अक्टूबर तक चल रहे 18 दिवसीय "स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हर दिन स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा स्वच्छ राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक गतिशीलता और प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है।

## मारपीट पर पूर्व पार्षद सिन्हा के खिलाफ जुर्म दर्ज, दूसरे पक्ष पर काउंटर केस भी बना

# से.6 पौधारोपण मैदान में बल्लियां गड़ाने के विरोध में बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई







सेक्टर 6 सड़क 13 मैदान में पीएम मोदी के एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण अभियान के तहत किए गए पौधारोपण विवाद का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को दुर्गा मंडप के पीछे पौधोरोपण स्थल पर जबरिया बांस बल्ली गड़ाए जाने के विरोध पर जमकर बवाल हुआ। वार्ड के बाहरी लोगों के साथ मैदान में बल्लियां गड़ाने का विरोध करने वालों से मारपीट किए जाने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की भी शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर 6 सड़क 13 मैदान में 7 अगस्त को वार्ड के श्रमिक नेता गजेंद्र सिंह व वार्ड वासियों द्वारा बीएसपी की कर्मचारी यूनियनों, बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन, व्यापारी संघ आदि संगठनों के लोगों को उपस्थित में पीएम के पर्यावरण अभियान के तहत पौधरोपण किया गया था। लेकिन पौधारोपण स्थल के सामने दुर्गा मंडप में पूर्व पार्षद सूर्यकांत सिन्हा व वर्तमान पार्षद सेवन ठाकुर द्वारा कुछ लोगों के साथ दुर्गा पंडाल व मीना बाजार लगाया जा रहा है जिसके लिए पौधारोपण का विरोध किया जा रहा है। 19 सिंतबर गुरुवार दोपहर डेढ़ बजे दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ । सेक्टर 6 सड़क 13 निवासी पीड़िता अंजलि सिंह व जोगिंदर सिंह आदि ने कोतवाली थाना में शिकायत की है कि सेक्टर 6 वार्ड 13 मैदान में हमारे द्वारा लगाए गए पौधोरोपण के सामने पूर्व पार्षद सूर्यकांत सिन्हा व वर्तमान पार्षद सेवन ठाकुर ने महादेव मिश्रा, भानुमिली साहू, महेश बिसाई, प्रतीक,मकसूद खान, शंभूनाथ,नीतेश चौरसिया और यास्मीन बानो आदि करीब साठ, सत्तर बाहरी महिलाओं व युवकों के साथ दुर्गा पंडाल व मीना बाजार लगाने के नाम पर स्थाई दुर्गा मंडप के पीछे पौधारोपण स्थल और इसके आगे तक जबरिया बल्लियां गड़ा रहे थे । हमारे व वार्ड के लोगों द्वारा आवाजाही में परेशानी की बात कह विरोध करने पर गालीगलौच, मारपीट की। महिलाओं से झूमाझटकी कर जमीन पर गड्ठे में पटक दिया । सूर्यकातं व अन्य ने जोगिंदर सिंह व बीचबचाव के लिए आई श्रमिक नेता गजेंद्र सिंह की बहू अंजलि सिंह, पत्नी सुभद्रा सिंह तथा मोहिनी अवसरे से मारपीट की। जोगिंदर व अंजली को हाथ पांव में चोटें आईं। अंजली ने बताया कि मना करने पर सूर्यकांत व अन्य लोगों ने गालीगलौच व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने मोबाईल पर इसकी सूचना कोतवाली थाना को दिए जाने पर मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन मारपीट जारी लगतार जारी रही। पुलिस बेबस नजर आई। मामले की शिकायत करने पीड़ितों के साथ वार्ड की कई महिलाएं कोतवाली थाना से. 6 में पहुंच टीआई श्री मिश्रा से की। अंजलि सिंह व जोगिंदर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शंभूनाथ व पूर्व पार्षद सूर्यकांत सिन्हा के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 1,15( 2), 3( 5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। इसके बाद दूसरा पक्ष सूर्यकांत सिन्हा भी कुछ लोगों के साथ भी थाने पहुंचकर शिकायत की। शंभुनाथ और मिली साहू सेक्टर 6 की शिकायत पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के लोगों पर भी काउंटर जुर्म दर्ज किया। सूर्यकांत सिन्हा ने इस संबंध में बताया कि यहां 27 साल से आयोजित हो रहे मां दुर्गा पंडाल को जबरदस्ती उखाड़ फेका जा रहा था और पूजा कार्य को रोकने के लिए अंजलि सिंह, बृजेंद्र सिंह व जोगिंदर शर्मा, सी जमुना द्वारा मारपीट किया गया। इस पर आसपास की महिलाओं द्वारा विरोध किया गया। हमने मातारानी के पंडाल कार्य को फिर से शुरु करवाया। सिंह परिवार द्वारा जानबूझकर पूजा को रोकने की साजिश की जा रही है।

### पूर्व कार्मिक पर नहीं हुई कार्रवाई: गजेंद्र सिंह

सेक्टर 6 सड़क 13 मैदान में विवाद पिछले महीने भर से चल रहा है। वार्डवासियों के मुताबिक इस संवेदनशील मामले में जिला प्रशासन, पुलिस व बीएसपी को अधिक गंभीर होने की जरुरत है। बुजुर्ग श्रमिक नेता गजेंद्र सिंह ने बताया कि सूर्यकांत सिन्हा व उनके लोगों द्वारा हमारे पौधारोपण उखाड़ने व 14 सितं. को घर में घुसकर मारपीट की शिकायत कलेक्टर व पुलिस से करने पर 18 तारीख को सीएसपी व एसडीएम ने स्थल पर पहुंच सिन्हा को दुर्गा मंडप के पीछ लगाए खंभे को हटाने व आगे नहीं बढ़ने की सख्त चेतावनी दी थी। इसके बाद लगातार वह लोगों को बरगलाकर दबंगई कर रहा है। मुझसे मारपीट व 22 अगस्त को मुझे दुर्घटनाग्रस्त किए जाने के शिकायत के बाद भी पुलिस ने अब तक कार्रवाई नहीं की है। इससे उसके हौसले बुलंद हैं। श्री सिंह ने बताया कि सूर्यकांत उलटे मुझे ही मां दुर्गापूजा का विरोधी बता मीनाबाजार लगाने के लिए लोगों को गुमराह कर रहा है जबकि मैंने ही 40 साल पहले दुर्गा मंडप में गणेश पूजा की शुरुआत थी। मैदान में बीएसपी प्रबंधन ने भी ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजरने व एनओसी का हवाला देकर सूर्यकांत को अवैध शेड नहीं बनाने चेतावनी दी थी। लेकिन पंडाल बिजली तारों के ऊपर तन रहा है।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 20 सितंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



04



जापान की खुशबू


## लाइव इवेंट

### बीसीए का ट्रायल कैम्प शुरू, 15 खिलाड़ियों का होना है चयन



■ कल्याण कॉलेज में लगाया गया कैम्प, अगले महीने से सीएससीएस क्रिकेट का आयोजन

**भिलाई।** आगामी महीने में सीएससीएस क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इसे लेकर बीसीए की टीम तैयार की जा रही है। 40 खिलाड़ियों के लिए 15 दिनों का कैम्प कल्याण कॉलेज में लगाया गया है। जहां से 15 खिलाड़ियों का चयन होना है। सीएससीएस द्वारा आगामी माह में आयोजित होने वाली अंडर-19 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम भी भाग लेगी।इसी कड़ी में बीसीए द्वारा 40 खिलाड़ियों का एक 15 दिवसीय कोचिंग कैंप शुरू हो चुका है। इस कोचिंग कैंप के कोच टुमन लाल देवांगन एवं सोमेश्वर राव हैं। इस कोचिंग कैंप के बाद खिलाड़ियों की तीन टीमें बनाई जाएगी, जो आपस में मैच खेलेगी। मैच में प्रदर्शन के आधार पर 15 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो बीसीए का अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी।

## सिटी इवेंट

### मुख्यमंत्री साय ने सराहा स्वयंसिद्धा के प्रोजेक्ट जागृति को




**भिलाई।** स्वयंसिद्धा ए मिशन की अध्यक्ष डॉ.सोनाली चक्रवती द्वारा चलाए जा रहे अभद्र भाषा के विरुद्ध एक युद्ध प्रोजेक्ट जागृति को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सराहा है। उन्होंने पोस्टर देख कर कहा कि इस नवाचार की वर्तमान समय में बेहद आवश्यकता है। बता दें कि ऋचा प्रकाश चौधरी की स्वीकृति के बाद डीईओ अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन पर 200 शासकीय स्कूलों तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर संस्था काम कर रही है। डॉ. चक्रवर्ती ने बताया कि दो विकास के गुर, मोबाइल से दूर रहना और जीवन में सकारात्मक रहने के मोटिवेशनल लेक्चरर्स दिए जा रहे हैं। संस्था द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और सांसद बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा गया। डॉ. चक्रवर्ती ने विवेकानंद एयरपोर्ट पर एक बुक स्टॉल और रीडिंग जोन की मांग रखी, जिसमें हिंदी और छत्तीसगढ़ी के उच्च स्तरीय साहित्य को स्थान दिया जा सके। इस अवसर पर शिक्षाविद एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. रजनी नेल्सन एवं संदीप चक्रवर्ती उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### सन प्राइवेट आईटीआई, दुर्ग में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन




**दुर्ग।** सन प्राइवेट आईटीआई चंदखुरी (भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस) में नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रवेश उत्सव के साथ नए शैक्षणिक सत्र का आगाज हुआ। इस दौरान नए प्रशिक्षणार्थियों को संस्था की शैक्षणिक गतिविधि, उपलब्ध सुविधाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि फरीना काजी, प्राचार्या सन पब्लिक स्कूल उपस्थित रहीं। उन्होंने नई शिक्षा नीति से अवगत कराया। साथ ही साथ कौशल को बढ़ाने के लिए नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संस्था में शिक्षकों के द्वारा दिए गए प्रशिक्षण से आप अपना लक्ष्य प्राप्त करेंगे। संयुक्त संचालक जय चंद्राकर ने कहा कि हमारी पहचान हमारा श्रेष्ठ परिणाम है। ऐसे परिणाम के कारण ही हमारी संस्था जानी जाती है। संस्था के प्राचार्य विजय कुमार यदु ने कहा कि आपने ऐसे प्रशिक्षण संस्था में प्रवेश लिया है, जो आपको मंजिल तक ले जाएगा। प्रशिक्षण अधिकारी मनीषा ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण अधिकारी सुरेंद्र देवांगन एवं प्रबंधन आशीष सिहानी ने किया। इस अवसर पर शिवानी ताम्रकार, जनक लाल, बालकिशोर ध्रुवे आदि मौजूद थे।

---

● सीएसवीटीयू का इनोवेशन : फाउंडेशन फॉर रूरल टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप 6 स्टार्टअप पर हो रहे काम

# हमारे उद्यमी केले के वेस्ट से बना रहे ईंट, कपड़े और खाद, महिलाओं को दे रहे ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सेक्शन 8 कंपनी फाउंडेशन फॉर रूरल टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप पर तेजी से काम कर रहा है। सीएसवीटीयू फोर्ट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को टेक्नोलॉजी एवं उद्यमिता के माध्यम से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रदेश को आगे ले जाना है। इसे लेकर यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल रमेन डेका से मिला। उन्होंने स्टार्टअप में हो रहे कामों की जानकारी दी गई। मुख्य रूप से केले के अपशिष्ट से ईंट बनाना, कपड़ा तैयार करने और उर्वरक बनाने की जानकारी दी गई। इस पर राज्यपाल में जमकर प्रशंसा की।



**भिलाई।** कुलपति डॉ. एमके वर्मा के निर्देश में यह कार्य कि जा रहे हैं। फोर्ट के प्रतिनिधियों ने सीईओ अग्रांशु द्विवेदी के नेतृत्व में फाउंडेशन और इसके द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं से राज्यपाल को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करना है। बैठक में फोर्ट से जुड़े 6 प्रमुख स्टार्टअप्स ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। राज्यपाल के समक्ष ड्रोन तकनीक के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस पर राज्यपाल ने यह सुझाव दिया कि तकनीकी विश्वविद्यालय ड्रोन क्लब स्थापित करें, ताकि छात्रों को ड्रोन तकनीक से सुसज्जित किया जा सके। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि सीएसवीटीयू ने छत्तीसगढ़ में पहला आरटीपीओ स्थापित किया है। साथ ही ड्रोन दीदी योजना पर भी काम कर रहा है। जल्द ही ड्रोन दीदियों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर हो सकें।

### आदिवासी महिलाओं के लिए तैयार कर रहे सेनिटरी पैड

विनिता पटेल के नेतृत्व में आरुग नामक स्टार्टअप द्वारा राज्यपाल के समक्ष प्रजेन्टेशन दिया गया। इसमें बताया गया कि जनजातीय महिलाओं के लिए पुनः प्रयोज्य सैनिटरी नैपकिन तैयार किया जा रहा है।

### सोलर ऊर्जा को रोजगार से जोड़ा

सीएसवीटीयू के फोर्ट डायरेक्टर डॉ. आरएन पटेल और राहुल बघेल ने बताया कि इसकी थीम आत्मनिर्भर गांव है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए सौर ऊर्जा आधारित उपकरण विकसित कर रहा है। ताकि बिजली संबंधित दिक्कतों से मुक्ति मिल सके।

### केले के वेस्ट से तैयार ईंट को परखा

प्रजेंटेशन करण चंद्राकर ने दिया। उन्होंने बताया कि केले के अपशिष्ट का उपयोग कर कपड़ा, उर्वरक और ईंटें बनाई जा रही है। राज्यपाल ने ईंटों की मजबूती के बारे में जानकारी ली। मॉडल के प्रोटोटाइप परिणामों से वे संतुष्ट हुए।

### ड्रोन तकनीक में भी स्टार्टअप

यह वॉबल लैब्स था, जो ड्रोन तकनीक पर आधारित है। राज्यपाल और उनके एडीसी सुनील शर्मा ने संस्थापकों को उनके स्टार्टअप के विस्तार के लिए कई सुझाव और समर्थन का आश्वासन दिया।



### राज्यपाल ने उद्यमियों के कार्यों की प्रशंसा की

राज्यपाल ने सीएसवीटीयू फाउंडेशन के इन होनहार उद्यमियों के साथ पर्याप्त समय बिताया। उन्हें आश्वस्त किया कि राजभवन से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। फोर्ट के प्रतिनिधियों के साथ सहकार भारती के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत द्विवेदी भी उपस्थित थे। सहकार भारती और फोर्ट के सहयोग को ग्रामीण समुदाय की आजीविका के लिए एक बड़ा कदम बताया गया, जिसकी राज्यपाल ने सराहना की। फोर्ट तथा सहकार भारती के समन्वय से चलने वाले प्रोग्राम्स तथा उनके सकारात्मक परिणाम पर भी जानकारी दी।

### कला-संस्कृति को सहेजने और पुनर्जीवित करने भी काम

कौशल आर्ट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके संचालक अंकित बंजारे ने बताया कि यह स्टार्टअप छत्तीसगढ़ की जनजातीय कला को पुनर्जीवित करने और इसे वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। राज्यपाल ने इसे ग्रामीण आजीविका सुधारने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बताया।

### मिलेट्स फूड से रेडी-टू-ईट तैयार कर रहे

छत्तीसगढ़ इंस्टेंट मिलेट फूड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि एनीमिया और कुपोषण से लड़ने वाले रेडी-टू-ईट उत्पाद विकसित किए जा रहे हैं। ताकि पौष्टिक आहार डाइट में शामिल किए जा सकें।

---

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 225 बच्चों ने लिया भाग, श्रेष्ठ पुरस्कृत

**दुर्ग।** समाजसेवी स्व. हरिशंकर उजाला की स्मृति में गायत्री प्रज्ञापीठ शिव आश्रम पुलगांव में उजाला परिवार द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण कर प्रतिभा बच्चों की हौसला अफजाई की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गंगाश्री उजाला द्वारा समाजसेवी स्व. हरिशंकर उजाला के जीवन परिचय एवं मंदिर इतिहास की जानकारी देकर की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में भगवत प्रसाद मिश्रा, योगगुरु मंगलम गुरुजी लाला साहू, सूर्यपथ फाउंडेशन स्कूल आदित्य नगर के प्राचार्य राजेश पवार, ज्योति मैडम मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथि भगवत प्रसाद मिश्रा ने बच्चों को सही दिनचर्या के बारे में जानकारी दी। वहीं योगगुरु मंगलम ने उपस्थित लोगों को योग के फायदे बताए। राजेश पवार ने बच्चों को छत्तीसगढ़ी भाषा एवं संस्कृति की जानकारी दी। आयोजक कुशल उजाला द्वारा वर्तमान में शिक्षा के बाजारीकरण पर प्रकाश डाला गया। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में 225 बच्चे पुरस्कृत किए गए।

सामान्य ज्ञान में नंदिनी और पोस्टर स्पर्धा में नम्रता प्रथम

छत्तीसगढ़ी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नंदिनी साहू प्रथम, रूपाली साहू द्वितीय, तन्मय नेताम तृतीय, पोस्टर प्रतियोगिता में नम्रता एवं श्रेयांशी को प्रथम, सिद्धि यादव द्वितीय, प्रियांशी साहू एवं



आरुन्य उजाला तृतीय, सामान्य ज्ञान बेस्ट ऑफ वेस्ट ( कबाड़ से जुगाड़) में अनन्या साहू प्रथम, आयुष्मान तिवारी द्वितीय, गीतिका साहू तृतीय स्थान पर रहे। प्रतिभागी बच्चों को प्रभु दयाल उजाला एवं रघुनंदन उजाला द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिशांत उजाला, माया उजाला, तनु बंजारे, ज्योति साहू, अन्नपूर्णा साहू, पूर्व पार्षद मोतीलाल साहू, खोरबहार निषाद आदि मौजूद थे। आयोजन के समापन पर गायत्री प्रज्ञापीठ शिव आश्रम पुलगांव में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. तरंग जैन ने सेवाएं दी।

## शारदीय नवरात्र पर सजेगा माता का दरबार, तैयारी शुरू

**दुर्ग।** सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर समिति की आवश्यक बैठक दुर्गा मंदिर में हुई। इसमें क्वांर नवरात्र पर्व 3 से 13 अक्टूबर तक विशेष आयोजन किया जाना तय किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। मंदिर में विशेष साज-सज्जा की जाएगी। माता की प्रतिमा स्थापना के साथ आकर्षक झांकी भी बनाई जाएगी। 400 से अधिक ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। नवरात्र में प्रतिदिन सुबह 9 बजे माता का महाभिषेक किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भजन एवं जस गायकों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। बैठक में अशोक राठी, महेश टावरी, राजेश शर्मा, मनोज भूतड़ा, सुरेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, योगेन्द्र शर्मा, कुलेश्वर साहू, ललित शर्मा, राहुल शर्मा, मनोज गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



---

मैत्री विद्या निकेतन रिसाली में निबंध, लेखन, चित्रकला और कबाड़ से जुगाड़ स्पर्धा का आयोजन

## इंटर स्कूल कॉन्टेस्ट में स्कूली बच्चों ने स्वच्छता को रंगों में उकेरा, तैयार मॉडल की लगाई गई प्रदर्शनी

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** स्वच्छता ही सेवा के पखवाड़ा के तहत रिसाली निगम ने इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया। मैत्रीविद्या निकेतन रिसाली में निबंध लेखन, चित्रकला और कबाड़ से जुगाड़ में 60 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी स्कूली बच्चों ने स्वच्छता विषयों को रेखांकित किया। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में हुई प्रतियोगिता में शासकीय विद्यालय नेवई, डुण्डेरा, स्टेशन मरोदा, टंकी मरोदा, रिसाली आत्मानंद हिन्दी और अंग्रेजी, रुआबांधा के बच्चों ने हिस्सा लिया। स्वच्छता विषय को लेकर बच्चों ने निबंध में स्वच्छता पर विचार व्यक्त किया। वहीं कुछ बच्चों ने रंगो के माध्यम से केनवास पर स्वच्छता को समझाया। 60 मिनट के समय पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक कबाड़ से जुगाड़ की कलाकृति का प्रदर्शन भी किया।



### विद्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी, लोगों को किया जागरूक

प्रतियोगिता के बाद मैत्रीविद्या निकेतन में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बच्चों की कलाकृति को सजाया गया। निर्णायक मण्डल के सदस्य डॉ. डी.पी. देशमुख, डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, एस.सजीव, आइरा आनंद, अरूणा धृतलहरे, विजय कश्यप ने निबंध, चित्रकला और कबाड़ से बने कलाकृति का अवलोकन किया। इन कलाकृतियों के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया गया।

### पुरस्कार के लिए चयनित, आयोजित होगा सम्मान समारोह

प्रतियोगिता में चयनित बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। आयुक्त मोनिका वर्मा बच्चों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देंगी। निर्णायक मण्डल ने कबाड़ से जुगाड़ अ वर्ग में प्रथम जितेश देवांगन 8वीं रिसाली स्कूल, द्वितीय चेतन निर्मलकर 7वीं सेजस रिसाली, तृतीय वंदिता गेन्ड्रे 7वीं, प्रीतम साहू रिसाली स्कूल, ब वर्ग में प्रथम अरविंद कुमार साहू 10वीं टंकी मरोदा स्कूल, द्वितीय प्रियंका साहू 10वीं ब एवं तृप्ति साहू 10वीं अ, निबंध लेखन में प्रथम शिखा साहू मरोदा टैंक, द्वितीय दीपिका देवांगन स्टेशन मरोदा, तृतीय मेघा ढीमर मरोदा टैंक, ब वर्ग में प्रथम एश्वर्या साहू मरोदा टैंक, चित्रकला में अ वर्ग में प्रथम निधि डाहरे 8वीं डुण्डेरा, द्वितीय चेतन निर्मलकर 7वीं सेजस रिसाली, तृतीय शीतल रिसाली 8वीं मिडिल स्कूल रूआबांधा, ब वर्ग में चित्रा 10वीं मरोदा टैंक, द्वितीय सुंदर 9वीं मरोदा टैंक, आयशा सिद्धकी सेजेस रिसाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

## सिटी इवेंट

# वर्ष 1891 से हो रही विश्वकर्मा पूजा, ससम्मान हुआ विसर्जन



**दुर्ग।** रेलवे स्टेशन में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (रेल-पथ) द्वारा सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई। विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। बता दें कि दुर्ग रेलवे स्टेशन को वर्ष 1891 में जंग्शन का दर्जा मिला। इसके बाद से सृजन के देवता की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

■ **विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ हुए अनुष्ठान**

विश्वकर्मा पूजन के उत्सव पर वरिष्ठ अनुभागीय अभियंता टीआर देवांगन, राजेश यादव, शफी खान, झुमुक लाल, भगन लाल, सुरेश यादव, विनोद चेलक, ओमप्रकाश तंबोली, सुरेश कुर्रे, नरेंद्र साहू, राम सेवक, दूर्योधन राम, रामुलु, भीषम तारम, भीखम सिंह, राजेश गोंड सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बुधवार को प्रतिमा का विसर्जन किया गया। स्टेशन के अन्य हिस्सों में भी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई। पूजा और अन्य अनुष्ठान हुए। राजेश यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष विश्वकर्मा पूजन का उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी आयोजन को लेकर भव्य तैयारियां की गई थी। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ।

## धर्म लाइव

# सृजन करने वाले कभी अवसाद में नहीं पड़तेः आचार्य अंकित



**भिलाई।** अनंत चतुर्दशी एवं विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वेद मंत्रों का उच्चारण करके पवित्र अग्नि में आहुति दी गई।अवधेश कुमार मौर्य एवं बीएल महाराणा, युगल किशोर साहू और प्राचार्य सुष्मिता दास ने आचार्य अंकित शास्त्री का स्वागत किया। शास्त्री ने कहा कि विश्वकर्मा निर्माण और सृष्टि के सृजन के देवता हैं। पुष्पक विमान का निर्माण भी उन्होंने नहीं किया था। उन्हें सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे, जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। जीवन में सृजन और विध्वंस की दो गतियां हैं। सृजन देवत्व की ओर ले जाता है और विध्वंस असुरता का प्रमाण है। विसर्जन करने वाले कभी डिप्रेशन या अवसाद में नहीं पड़ते। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सदस्य तथा छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।

■ **शिल्प एवं सृजन के देवता को किया स्मरण, विधि-विधान से पूजा-अर्चना**

## समाज इवेंट

# नौजवानों ने किया रक्तदान अंचल की हस्तियों का सम्मान



**भिलाई।** सैयय्दी सुन्नी जामा मस्जिद मजार कमेटी भिलाई-तीन में जश्ने ईद मिलादुन्नी सिलसिले में आयोजनों का समापन आम लंगर के साथ हुआ। इसके पहले कमेटी की ओर से स्वास्थ्य शिविर,रक्तदान शिविर व अंचल के गणमान्य लोगों का सम्मान करने समारोह आयोजित किया गया। कमेटी के रक्तदान शिविर में नौजवानों ने 27 यूनिट रक्तदान किया गया, जो जरूरतमंदों को निशुल्क उपचार हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। इसके उपरांत दरगाह शरीफ परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें सर्वप्रथम पैगंबर हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम के दुनिया में आमद पर विभिन्न लोगों ने विचार व्यक्त किए।

■ **सैयय्दी सुन्नी जामा मस्जिद मजार कमेटी भिलाई-तीन में हुए विविध आयोजन**

मौलाना सैफ उल्लाह ने बताया कि पैगम्बर हजरत मुहम्मद ने दुनिया में इंसानियत को अल्लाह तक पहुंचने का सच्चा मार्ग बताया, जिससे लोग अल्लाह को पा सके। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ बीईटीओ सैय्यद असलम ने कहा कि प्यारे नबी की पाकीजा जिंदगी अपनाने से दुनिया में बेहतरीन समाज बना, लोग अल्लाह की इबादत की तरफ रुजू हुए, आपस में इंसाफ क़ायम हुआ और औरतों को इज्जत मिली। डॉ. जीएस चंद्राकर ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए कहा कि भिलाई-तीन सामाजिक सद्भावना की मिसाल है। उन्होंने कहा कि यहां दरगाह शरीफ की खिदमत का उन्हें मौका मिला और 1985 से 1990 तक यहां उर्स कमेटी के सदर रहे हैं इसे वह अपने जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। मशहूर नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. रतन तिवारी ने कार्यक्रम की तारीफ की।

इस अवसर पर प्रख्यात एनेस्थेटिस्ट डॉ. लाल मोहम्मद,नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डा रतन तिवारी, डॉ. शाहिद अनवर, डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया, डॉ. पीयम सिंह, डॉ. अभिराज तिवारी, डॉ. पूर्णिमा यादव शर्मा, आईटीआई के प्राचार्य निजामुद्दीन अंसारी, पत्रकारिता एवं लेखन के क्षेत्र में मुहम्मद जाकिर हुसैन, डीके साहू, चंद्रकांत श्रीवास्तव, अब्दुल सलाम आदि सम्मानित किए गए।

● श्रमण संघ, मूर्ति पूजक, साधुमार्गी, समरथ, सुधर्म, तेरापंथ, शांतक्रांत सहित अन्य हुए शामिल

# मंगल पाठ के साथ तप, 250 साधकों ने रखा पूरे दिन का उपवास, सोने के सिक्कों से हुआ सम्मान

**दुर्ग।** जैन समाज के 250 से अधिक साधक-साधिकाओं ने एक साथ मिलकर आयंबिल तप की आराधना की। सकल श्वेतांबर जैन समाज के बैनर तले आयोजित इस आयंबिल तप की 75वी वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में श्रमण संघ, मूर्ति पूजक, साधुमार्गी, समरथ, सुधर्म, तेरापंथ, शांतक्रांत सहित जैन समाज के सदस्य शामिल हुए। साधना और आराधना का क्रम पूरे दिन चलते रहा। हर्ष और उल्लास के वातावरण में निर्वात गति से आनंद मधुकर रतन भवन के प्रांगण में साध्वी सुमंगल प्रभा के मंगल पाठ के साथ तप प्रारंभ हुआ। आयंबिल 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर 1 ग्राम के 3 सोने के सिक्के एवं 75 चांदी के सिक्के इस अवसर पर ड्रॉ द्वारा निकाले जाएंगे। यह सिक्के आयंबिल करने वाले साधकों के बीच से निकाले जाएंगे। कोई तप साधना 75 वर्षों से लगातार संचालित हो यह बहुत बड़ी बात है। सन 1949 में प्रेमराज श्रीश्रीमाल ने यह तप दुर्ग शहर में प्रारंभ करवाया था। आयम्बिल एक तप है। इसमें दिन में एक बार भोजन किया जाता है, लेकिन भोजन बहुत ही मर्यादित होता है। जिसमें दूध, दही, घी, तेल, किसी भी प्रकार की मिठाई, गुड़, शक्कर, मिर्ची, हल्दी, धनिया, कोई भी हरी सब्जी और फल, सूखे मेवे आदि वस्तुओं का संपूर्ण त्याग होता है।



### तप महोत्सव में बड़ी संख्या में साधक-साधिका हुए शामिल

आयंबिल तप की 75वीं वर्षगांठ में हर्षित मुनि, कल्पज्ञय सागर, सुमंगल प्रभा, हेम प्रभा, दर्शनप्रभा सहित सभी अन्य साधु-साध्वी का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। तप महोत्सव में 250 से अधिक साधक-साधिकाओं ने भाग लिया। श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल एवं श्रमण संघ महिला मंडल के सदस्यों ने इस तप महोत्सव में अपनी सेवाएं दी।

### आयंबिल तप क्या, इसे भी जानिए

भगवान महावीर ने तपस्या के कई मार्ग बताए हैं। जैसे नवकारसी, पोरसी, बियासना, एकासना, उपवास आदि। आयंबिल उन्हीं में से एक तप है। आयंबिल में सभी द्रव्य यानी दूध, दही, घी, तेल, शक्कर आदि सभी का त्याग किया जाता है। आयंबिल में नमक का भी त्याग होता है। आयंबिल की तपस्या रसनेद्रिंय पर विजय प्राप्त करने के लिए करते हैं। अपना पेट भरने के लिए एक स्थान पर बैठकर दिन में सिर्फ एक बार रूखा-सुखा आहार करना। समभाव की साधना करना यही आयंबिल है। लगभग चैत्र शुक्ल सप्तमी से चैत्र शुक्ल पूर्णिमा तक आयंबिल ओली की जाती है। श्रीपाल-मैना ने यह तपस्या की थी। तब से यह आयंबिल ओली प्रारंभ हुई।

### महावीर दिगंबर जैन मंदिर वैशालीनगर में भी उत्सव

पर्यूषण पर्व के दौरान 24 लोगों ने 10 दिन का निर्जल व्रत धारण किया था। 6 लोगों ने 16 दिन का 16 करण उपवास किया। माता सौभाग्यवती माता को सभी ने नमोस्तु किया। आयोजन में दुर्ग-भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव, नागपुर, हैदराबाद, बेंगलुरु, इंदौर, औरंगाबाद आदि जगहों से लोग पहुंचे। वैशाली नगर दिगंबर जैन मंदिर में में कार्यक्रम हुआ। इसके अलावा त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 06, दिगंबर जैन समाज नेहरू नगर में भी धार्मिक आयोजन हुए।इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन, कजोड़ मल जैन, अरविंद जैन, राकेश जैन, धनंजय कुमार जैन, संजय गंगवाल, मनोज पहाड़िया, अमरेश जैन आदि मौजूद थे। आयोजकों ने बताया कि 22 सितंबर को दुर्ग-भिलाई में क्षमा पर्व मनाया जाएगा। 10 दिवसीय पर्यूषण पर्व का समापन होने को है। इस दौरान तप करने वाले जैन साधक सम्मानित किए जा रहे हैं।

### जैन धर्म के शिक्षा संस्कार से जुड़ी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए



**भिलाई।** जैन भवन सेक्टर-6 में 10 लक्षण महापर्व के अवसर पर त्रिवेणी बहू मंडल द्वारा जैन धर्म के पाठशाला और पाश्चात्य संस्कृति से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जैन मिलन के तत्वावधान में छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही आकर्षक ढंग से नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। इसके माध्यम से संदेश देते हुए जैन धर्म की शिक्षा संस्कार और 10 धर्म के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जैन भजनों पर बाल कलाकारों द्वारा नृत्य किया गया। बच्चों और बालिकाओं की धार्मिक भजनों पर भजन की प्रतियोगिता हुई। प्रचार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि पर्यूषण पर्व के अंतर्गत अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 22 सितंबर को सामूहिक क्षमा पर्व का आयोजन किया जाएगा।



## निकाली शोभायात्रा

# गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ... तालपुरी से विदा हुए विनायक



**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक में 10 दिनों तक गणेशोत्सव मनाने के बाद ग्यारहवें दिन गणपति बप्पा धमाल बैंड की गूंज के बीच विदा हो गए। क्लब हाउस से भक्तों की भीड़ के बे निकला विसर्जन जुलूस कॉलोनी के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए मरोदा डैम पहुंचा, जहां भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जित की गई। मुख्य प्रतिमा के साथ घरों में विराजी गईं छोटी मूर्तियों का भी विसर्जन किया गया। गणेशोत्सव में संगीत संध्या, बॉलीवुड और छत्तीसगढ़ी गानों की धुन पर नृत्य, क्लासिकल डान्स, गायन तथा मनोरंजक खेल गतिविधियों सहित कई रंगारंग कार्यक्रम हुए, जिसमें सबसे ज़्यादा ध्यान सोलो बैंड एक्सपर्ट आशीष साहू और नृत्य कलामंदिर की नृत्यांगनाओं के परफॉरमेंस ने खींचा। उत्सव के अंतिम दिन निकले विसर्जन जुलूस में तालपुरी की महिलाओं का जोश अपने चरम पर था। पुरुष भी थिरक रहे थे, लेकिन महिलाएं पूरे उत्साह में नजर आईं। गाजे-बाजे के साथ शाम छह बजे निकले इस जुलूस को मरोदा डैम तक पहुचने में दो घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। डैम के तट पर विसर्जन से पहले एक बार फिर भगवान गजानन की सनातन विधि-विधान से पूजा की गई। विसर्जन के दौरान इस बात का खास ख्याल रखा गया कि प्रतिमा खंडित न हो। तालपुरीवासी तब तक डटे रहे, जब तक प्रतिमा पूरी तरह जलमग्न न हो गई। जब मूर्ति का विसर्जन हो रहा था, तब डबडबाई आंखों से लोगों ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के गगनभेदी नारे लगाए। पूरे दस दिनों तक पंडित अरुण शुक्ला के नेतृत्व में सुबह-शाम विघ्नहर्ता की पूजा-अर्चना की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग श्रद्धाभाव से शामिल हुए।

## सेंट थॉमस महाविद्यालय का आयोजन

# रामकृष्ण मिशन की 125वीं वर्षगांठ पर पुस्तकों की लगाई प्रदर्शनी



**भिलाई।** रामकृष्ण मिशन की 125 वीं वर्षगांठ एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर पुणे रामकृष्ण मठ द्वारा सेंट थॉमस कॉलेज में एक भव्य प्रदर्शनी-सह-बिक्री का आयोजन किया गया। प्रारंभ में स्वारामकृष्ण मिशन सेवा मंडल के अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा एवं उपाध्यक्ष नरेंद्र बंछोर द्वारा स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया।

महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पीएस वर्गीस उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ एमजी रोईमोन ने पुस्तकालय समिति को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनायें दी। इस कार्यक्रम में अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में पुस्तकों का विविध संग्रह प्रदर्शित किया गया, जिसमें ध्यान, एकाग्रता, योग, व्यक्तित्व विकास और स्वामी विवेकानंद के प्रेरक और जोशीले व्याख्यानों सहित कई विषयों को शामिल किया गया। प्रदर्शनी में स्वामी विवेकानंद के लेखन को समर्पित एक विशेष खंड दिखाया गया, जिसमें उनके पत्र और जीवन और शिक्षाओं पर काम शामिल हैं। इसके अलावा, अध्यात्म और शास्त्रों जैसे भगवद गीता, उपनिषद और भारतीय दर्शन से संबंधित विभिन्न ग्रंथों पर पुस्तकें भी प्रदर्शित की गईं।

### बच्चों के लिए आकर्षक कहानियां और पेंटिंग की किताबें

बच्चों के लिए एक समर्पित खंड में आकर्षक कहानी की किताबें, पेंटिंग की किताबें और रामायण और महाभारत पर किताबें पेश की गईं, जिससे युवा मन में अध्यात्म और भारतीय संस्कृति में शुरुआती रुचि पैदा हुई। प्रदर्शनी ने बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को आकर्षित किया, जिन्होंने उपलब्ध विषयों की विस्तृत श्रृंखला का पता लगाया। आगंतुकों को उत्साहपूर्वक चयनित पुस्तकों को ब्राउज़ करते हुए देखा गया, जिनमें से कई ने व्यक्तिगत विकास, प्रेरणा और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के लिए पुस्तकें खरीदीं। यह आयोजन सफल रहा, क्योंकि इसने न केवल ज्ञान के भंडार तक पहुंच प्रदान की, बल्कि स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और रामकृष्ण मिशन के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी काम किया।

## छग निषाद महिला प्रकोष्ठ का आयोजन, प्रतिभावान हुए सम्मानित

# महिला सशक्तिकरण के बिना समाज आगे नहीं बढ़ सकता, आत्मनिर्भर बनने क्षमता का उपयोग जरूरी : ऋचा

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज भिलाई नगर परिक्षेत्र महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्रावास निषाद भवन कोहका में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निषाद समाज की महिलाएं गुलाबी रंग की साड़ी में नजर आईं। तीज मिलन समारोह के दौरान कुर्सी दौड़, फुगड़ी, रंगोली, व्यंजन की बगिया, तीज क्वीन, समूह नृत्य, नाट्य प्रहसन में प्रातिभागी बनकर अपनी एकता और सांस्कृतिक कला से सामाजिक कुरीतियों को दूर करते हुए समाज में रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। आयोजन में प्रतिभावान महिलाएं सम्मानित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत निषाद समाज के आराध्य देव भगवान राम एवं भक्त गुहा निषाद राज के चित्र पर माल्यार्पण और आरती-पूजा के साथ हुई।



### विधायक रिकेश की पत्नी ऋचा भी आयोजन में हुईं शामिल

आयोजन में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन की पत्नी ऋचा सेन प्रमुख रूप से मौजूद थीं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना कोई भी समाज वास्तव में प्रगति नहीं कर सकता। आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए अपनी क्षमता का उपयोग करें। आत्मनिर्भरता महिलाओं को स्वतंत्रता का अनुभव करने और अपने जीवन के निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। आप यात्रा शुरू करें और अपनी आकांक्षाओं को प्राप्त करें। जब महिलाएं आत्मनिर्भर होती है, तो वे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपनी ताकत का उपयोग करें और एक बेहतर भविष्य का निर्माण करें।

### आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए काम करना जरूरी :सुशीला



महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला निषाद ने कहा कि सामाजिक महिलाओं को व्यवसाय करने पर समाज की महिलाओं का सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण विषय है। व्यवसाय करने से महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकती हैं। अपने परिवारों का बेहतर जीवन प्रदान कर सकती हैं। पूर्व उपाध्यक्ष प्रेमलता निषाद ने समाज की महिलाओं को आशीर्वाद प्रदान किया। जिला अध्यक्ष संतोषी निषाद ने समाज के महिलाओं को संगठित रहकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी महिला को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दे सकती हैं।

**समाज के प्रबुद्धजन और प्रतिभावान हुए सम्मानित**

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजन और प्रतिभावान सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में लोक कलाकार मालती निषाद, जानकी निषाद, रामप्यारी निषाद, डेकेश्वरी निषाद, अशोक निषाद, भागवत निषाद, चिंताराम निषाद, डॉ घनश्याम निषाद, संतोष जलतारे, ओमप्रकाश निषाद, वीरेन्द्र निषाद, रामचंद निषाद सहित समाज के अन्य वरिष्ठजन मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर वुमेंस क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की जीत



**रायपुर।** पुदुच्चेरी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर वुमेंस मल्टी स्टेट टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 18 सिंतबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच गुरुवार को पुदुच्चेरी में पुदुच्चेरी सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। पुदुच्चेरी सीनीयर वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 2 विकेट खोकर 169 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से कृति गुप्ता ने 10 चौकों की मदद से 43 गेंदों में सर्वाधिक 61 रन नाबाद बनाए। साथ ही ऐष्वर्या सिंह तथा सृष्टि शर्मा ने क्रमशः 40 तथा 41 रन बनाकर छत्तीसगढ की अच्छी शुरुवात की। पुदुच्चेरी की ओर से सोनल पाटिल तथा यशी पांडेय ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुदुच्चेरी सीनियर वुमेंस की टीम 18.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 71 रन ही बना सकी। पुदुच्चेरी की ओर से सोनल पाटिल ने सर्वाधिक 23 रनों योगदान दिया। वही छत्तीसगढ़ की ओर से सलोनी डोंगरे ने 3 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने 98 रनो से मैच जीत लिया।

### चुने गए सॉफ्ट टेनिस के खिलाड़ी



**रायपुर।** मायाराम सुरजन शासकीय कन्या शाला चौबे कालोनी रायपुर के टेनिस कोर्ट में साफ्ट टेनिस शालेय क्षेत्रीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें धमतरी महासमुंद बलोदाबाजार रायपुर के 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसका उदघाटन संस्था की प्राचार्या भावना तिवारी ने किया। जिसमें खिलाड़ियों का चयन किया गया। इनमें 14 वर्ष बालिका टीम में प्रियांशी रेड्डी, राधिका पांडे, नंदिनी साहू,प्रेरणा फरिकार,संजना फरिकार सभी रायपुर,14 वर्ष बालक में अमोल अग्रवाल, युवराज शर्मा, तनमय गोयल, अथर्व अग्रवाल सभी रायपुर, रुपेश कुमार धमतरी,17 वर्ष बालिका में रिया सोनकर,यामिनी निषाद,बरखा रानी गौड़,अंजली सिन्हा,वंशिका रजक सभी रायपुर,17 वर्ष बालक में यश कुमार,ओमप्रकाश धमतरी, गुणवीर सिंह आनंद, अभ्युदय,हिमांशु सभी रायपुर,19.वर्ष बालिका में पूर्णिमा फरिकार, चंचल सारथी,आंचल बारेकर,खुशबू बारेकर,रंजना चौहान सभी रायपुर,19 वर्ष बालक अनिकेत गोयल,कियान, सार्थक अग्रवाल,अनिल कुमार बलौदा बाजार और हरिशंकर साहू महासमुंद ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

### अंडर-19 क्रिकेट में उतरेगी बीसीए की टीम



**रायपुर।** सीएससीएस द्वारा आगामी माह मैं आयोजित होने वाली अंडर-19 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम भी भाग लेगी। इसी कड़ी में बीसीए द्वारा 40 खिलाड़ियों का एक 15 दिवसीय कोचिंग कैंप 16 सितंबर से जारी है। इस कोचिंग कैंप के कोच टुमन लाल देवांगन एवं सोमेश्वर राव है। इस कोचिंग कैंप के पश्चात खिलाड़ियों की तीन टीमें बनाई जाएगी जो आपस में मैच खेलेगी। मैच में प्रदर्शन के आधार पर 15 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा जो कि बीसीए का अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे यह जानकारी बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।

### जिला पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 22 को

**रायपुर।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवम ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम के तत्वाधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट पावर लि ि फ्टं ग चैंपियनशिप का आयोजन लाखे नगर चौक रायपुर में 22 सितंबर को किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि स्ट्रांग मैन को 3100 रुपए, वूमेन को 2500, स्ट्रांग मैन जूनियर को 2100, सब जूनियर को 1100 रुपए नगद पुरस्कार के साथ आकर्षक मेडल और मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 11 बजे शुरू होगी और शरीर का वजन सुबह 9 बजे लिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी चिरमिरी में 28 एवम 29 सितंबर को आयोजित पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। चयनित खिलाड़ी को पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से एक तरफ का यात्रा भत्ता दिया जाएगा।



एक गंभीर खतरे के रूप में उभर रहा स्ट्रोक, 30 से कम उम्र के लोग हो रहे शिकार

# युवाओं में बढ़ रहे हैं स्ट्रोक के मामले, इन लक्षणों की समय पर हो जाए पहचान, बच सकती है जान

दुनियाभर में जिन बीमारियों के कारण हर साल सबसे ज्यादा मौतें हो रही हैं उनमें हृदय रोग और स्ट्रोक के मामले सबसे अधिक हैं। स्ट्रोक एक गंभीर खतरे के रूप में उभर रहा है जिसका शिकार 30 से कम उम्र के लोगों को भी देखा जा रहा है। ब्रेन स्ट्रोक एक गंभीर चिकित्सा स्थिति है, किसी कारण से मस्तिष्क में रक्त की आपूर्ति बाधित हो जाने या मस्तिष्क में रक्तस्राव के कारण स्ट्रोक हो सकता है। इसमें मस्तिष्क के कुछ हिस्सों को ऑक्सीजन नहीं मिल पाता जिससे ब्रेन सेल्स डेड होने लग जाती हैं। समय पर उपचार न होने पर इसके जानलेवा दुष्प्रभाव हो सकते हैं। अध्ययनों की रिपोर्ट से पता चलता है कि युवा लोगों में स्ट्रोक के मामले पिछले एक दशक में तेजी से बढ़े हैं। धूम्रपान-शराब पीना, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल को इसका कारण माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, स्ट्रोक से बचाव के लिए लाइफस्टाइल और आहार को ठीक रखना जरूरी है। इसके अलावा स्ट्रोक होने पर समय रहते उपचार प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। आइए जानते हैं कि स्ट्रोक की पहचान कैसे की जा सकती है और इससे बचाव के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए?



### स्ट्रोक से बचाव और पहचान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और धूम्रपान-शराब से दूरी बनाकर आप स्ट्रोक के खतरे को कम कर सकते हैं। स्ट्रोक जानलेवा तो है ही, वहीं इससे बचे लोगों में लकवा जैसी समस्याओं का भी खतरा हो सकता है। स्ट्रोक के लक्षणों को जल्दी पहचानना बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि समय पर उपचार मिलने से मस्तिष्क को स्थाई क्षति से बचाया जा सकता है। स्ट्रोक के प्रमुख संकेतों के बारे में जानना और इसकी तुरंत पहचान करना जरूरी हो जाता है।



### अचानक तेज सिरदर्द होना

स्ट्रोक का सबसे पहला संकेत अचानक सिर में तेज दर्द होना माना जाता है। अगर किसी को गंभीर सिरदर्द हो रहा हो जैसे पहले कभी महसूस नहीं किया हो तो अलर्ट हो जाएं। दर्द के साथ अक्सर लोगों को मतली, उल्टी या बेहोशी भी हो सकती है। ये स्ट्रोक का संकेत हो सकता है। ऐसे में तुरंत ब्लड प्रेशर की जांच करें और रोगी को आपातकालीन चिकित्सा प्राप्त कराएं। हाई ब्लड प्रेशर को स्ट्रोक का प्रमुख कारण माना जाता है।

### चेहरे, हाथ-पैर में कमजोरी

स्ट्रोक होने पर चेहरे, हाथ या पैर में कमजोरी या सुन्नता हो सकती है। यदि शरीर के एक हिस्से में अचानक कमजोरी या सुन्नता आ जाए, लकवा मार जाए तो ये भी स्ट्रोक की तरफ इशारा होता है। यह आमतौर पर चेहरे, एक हाथ या एक पैर में हो सकता है, खासकर शरीर के एक ही तरफ। यदि व्यक्ति मुस्कुराने या बोलने की कोशिश करता है और उसका चेहरा एक तरफ झुक जाता है, तो यह भी स्ट्रोक का संकेत हो सकता है।

### संतुलन बिगड़ने की समस्या


स्ट्रोक के कारण चक्कर आना या संतुलन खोना भी सामान्य है। सिरदर्द के साथ अगर अचानक चक्कर आने, शरीर का संतुलन बिगड़ने या चलने में कठिनाई होने जैसी दिक्कतें हो रही हैं तो तुरंत सावधान हो जाना चाहिए। चलते समय गिरना, अचानक पैरों में कमजोरी या लड़खड़ाते हुए चलने जैसे संकेतों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।



## करीब का देखने में परेशानी है तो जल्द करवाएं उपचार

प्रेसबायोबिया आंखों से जुड़ी एक बीमारी जिसमें आंखों की करीब वस्तुओं पर फोकस करने की क्षमता कम हो जाती है। प्रेसबायोपिया आंखों से संबंधित एक विकार है। इस शब्द को ग्रीक शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है बूढ़ी आंख, यह एक ऐसी स्थिति होती है जब आपकी धीरे-धीरे चीजों को करीब से स्पष्ट रूप से देखने की क्षमता खो देती है। इस स्थिति में नजदीकी वस्तुओं पर तेजी से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता धीरे-धीरे खत्म हो जाती है। आमतौर पर यह 40 से 45 साल की उम्र में शुरू होती है और समय के साथ बिगड़ती जाती है। यह बाकी उम्र से संबंधित दृष्टि समस्याओं जैसे अंधापन, हाइपरोपिया मायोपिया से अलग है। यह एक प्राकृतिक परिवर्तन है जो लगभग सभी लोगों को प्रभावित करता है। इसको लेकर हमने हेल्थ एक्सपर्ट से बाती है। प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी इस बारे में जानकारी दे रहे हैं।

### प्रेसबायोपिया के लक्षण



छोटी लेखन सामग्री पढ़ने में कठिनाई होती है, खासकर अगर रोशनी बहुत कम है। जब आपको यह बीमारी होती है तो आप अपने स्मार्टफोन या किसी भी किताब, मेनू , लेबल को अधिक स्पष्ट रूप से देखने के लिए अपनी आंखों से दूर रखते हैं। कोई नजदीकी काम करते हैं या कुछ नजदीक रखकर पढ़ते हैं तो इसे सिर में दर्द और आंखों में तनाव होना।

### प्रेसबायोपिया के कारण

आंखों की उम्र बढ़ाने की प्रक्रिया प्रेसबायोपिया की ओर ले जाती है। समय के साथ आंखों का आंतरिक लेंस लचीला नहीं रहता है, जिससे नजदीकी वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। उम्र के साथ लेंस को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियां कमजोर हो जाती है। यह अनुवांशिक भी हो सकती है। अगर आपके घर में माता-पिता या दादा- दादी कोप्रेसबायोपिया था तो आपको भी यह स्थिति होने की संभावना ज्यादा रहती है। डायबिटीज,उच्च रक्तचाप और दिल की बीमारी सहित कई स्वास्थ्य स्थितियों में भीप्रेसबायोपिया हो सकता है। आंखों की चोट के कारण भी लेंस को नियंत्रित करने वाले मांसपेशियों को नुकसान पहुंच सकता है,इससे भी प्रेसबायोपिया हो सकता है। प्रेस्बायोपिया सुधार के लिए एक व्यक्ति चार प्रकार के चश्मे का उपयोग कर सकता है,

### पढ़ने के चश्मे

प्रेस्बायोपिया को ठीक करने के सबसे आम तरीकों में से एक चश्मा पढ़ रहा है। इन चश्मों में एक नुस्खा है जो छवि को बड़ा करने में मदद करता है, जिससे छोटे प्रिंट को पढ़ना आसान हो जाता है। स्थिति की गंभीरता के आधार पर पढ़ने के चश्मे को ओवर-द-काउंटर या आंखों के डॉक्टर द्वारा निर्धारित किया जा सकता है।



## अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में नेपाल से गोल्ड जीत कर लौटी जागृति



**रायपुर।** संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन की ओर से नेपाल में आयोजित पावर लिफ्टिंग खेल में रायपुर रोहणीपुरम संतोषी नगर निवासी जागृति शर्मा ने गोल्ड जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। जगृति शर्मा भारतीय स्टेट बैंक संतोषी नागर मे शाखा प्रबंधक है और 9 साल के बेटे की मां होने के वावजूद सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए गोल्ड जीतकर देश और छत्तीसगढ़ राज्य को गौरान्वित किया है। नेपाल के पोखरा मे एक से चार सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। स्पर्धा मे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जगृति शर्मा ने मास्टर कैटेगरी के 76 किग्रा वजन वर्ग मे गोल्ड जीता। जागृति का कहना है खेल के प्रति रुझान बचपन से है। काम और परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में समय निकाल कर हिस्सा लेती हूं। उनका कहना है कि इस कार्य से मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। हर दिन 3 से 4 घंटे अपने खेल को समय देती हूं। जब तक शरीर स्वस्थ्य है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करूगी।

## सुरक्षा बलों के जवान उतरे मैदान में, फुटबॉल में जमकर दागे गोल



**रायपुर।** सीमांत मुख्यालय (विशेष-संक्रिया) सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) छत्तीसगढ़ इस वर्ष अपना 15वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर आनंद प्रताप सिंह, भा.पु.से., महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैत्री पार्क फुटबॉल मैदान, मरोदा सेक्टर में रमेश कुमार, उप महानिरीक्षक ने किया। उद्घाटन मैच बीएसपी रेड और बीएसएफ की टीम के मध्य खेला गया जिसको बीएसपी रेड की टीम द्वारा अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच को 4-0 से जीत लिया। एक अन्य मैच में बीएसपी ग्रीन ने मॉर्निंग राइडर रिसाली को 2-0 से हराया। फुटबाल मैच के दौरान सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिक सहित ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के कार्यकारी समिति सदस्य मोहन लाल, नगर पालिक निगम, रिसाली के सभापति केशव बंछोर, पार्षद समीर साहू और फुटबॉल खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## स्क्वैश की रायपुर संभागीय टीम बनीं



**रायपुर।** शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता स्क्वैश संभाग स्तरीय 14,17,19 बालक-बालिका का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दलदलसिवनी के द्वारा स्क्वैश कॉम्प्लेक्स बुढ़ापारा रायपुर में किया गया1 इस अवसर पर रायपुर, धमतरी , महासमुंद और बलौदाबाजार के खिलाड़ियों ने सहभागिता दिखाई1 खेल कौशल के आधार पर रायपुर संभाग की टीम का चयन किया गया। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए व्यायाम शिक्षक संदीप गोविलकर, प्रकाश कश्यप, चंद्रमनी टेंबुरकर, गजेंद्र साहू,केशव कुमार जलक्षत्री, अश्वनी पाटकर, गोपेश साहू बुद्धेश्वरी साहू, मनप्रीत कौर भाटिया व छत्तीसगढ़ स्क्वैश संघ से राहुल साहू और बाप्पश्री साहू उपस्थित थे1 रायपुर डिस्ट्रिक्ट स्क्वैश एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को आगामी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्नर न्यूज

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में महिलाओं के लिए अपार अवसर

# कामयाबी की सीढ़ी चढ़ने महिला में होनी चाहिए ऐसी काबिलियत, मंजिल मिल जाएगी आसानी से

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दुनिया को आकार देने में मदद कर रहा है। ऐसे में एआई की दुनिया से रूबरू होना सबके लिए जरूरी है। महिलाओं को भी जनरेटिव एआई के इस एरा में ये एसेंशियल स्किल्स जरूर आने चाहिए। जनरेटिव एआई ने ऐसी तकनीकी क्रांति लाई है, जिसने हमारे नजरिये को कई तरह से आकार दिया है। इसके साथ ही, भारत में प्रोफेशनल पर्सपेक्टिव तेजी से विकसित हो रहा है। भारत में महिलाएं एआई के क्षेत्र में लीडर की भूमिका निभा सकती हैं। वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्किल्स सीख सकती हैं और अपने काम को और भी बेहतर बना सकती हैं। अगर ज्यादा महिलाएं ये कौशल सीखेंगी, तो भारत में काम ज्यादा निष्पक्ष और दिलचस्प होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक शक्तिशाली टूल है जिसका उपयोग आप अपने करियर को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में कर सकती हैं।

इस रोमांचक नए युग में सफल करियर बनाने का लक्ष्य रखने वाली महिलाओं को एसेंशियल स्किल्स आने बहुत ज्यादा जरूरी हैं। इस आर्टिकल में उन स्किल्स के बारे में जानें जो महिलाओं को जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में एक सफल करियर बनाने में मदद करेंगे।



### प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग

जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम के लिए प्रभावी प्रॉम्प्ट तैयार करने की क्षमता एक मूल्यवान कौशल बनती जा रही है। आपको पता होना चाहिए कि बढ़िया परिणामों के लिए प्रॉम्प्ट का स्ट्रक्चर कैसा होना चाहिए। इशमें आपको कई एआई मॉडल और कार्यों के लिए प्रॉम्प्ट स्ट्रैटेजी का ज्ञान होना जरूरी है। एआई आउटपुट के आधार पर प्रॉम्प्ट को रिफाइन और पुनरावृत्त करने की क्षमता होनी चाहिए। कुशल प्रॉम्प्ट इंजीनियर जेनरेटिव एआई टूल की पूरी क्षमता को अनलॉक कर सकते हैं, जिससे वे कई भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा सकते हैं।

### जनरेटिव एआई लिटरेसी

आज की पेशेवर दुनिया में जनरेटिव एआई के मूल सिद्धांतों को समझना महत्वपूर्ण है। इसमें मेन जनरेटिव एआई मॉडल से परिचित होना चाहिए। नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, इमेज प्रोडक्शन और प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग जैसी बुनियादी अवधारणाओं की समझ होनी चाहिए। कई उद्योगों में जनरेटिव AI अनुप्रयोगों के बारे में जागरूकता होनी चाहिए। जनरेटिव एआई लिटरेसी करियर के कई अवसरों बनाती है और लगभग हर क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाती है।

### क्रिटिकल थिंकिंग और एआई आउटपुट इवेल्यूशन

जैसे-जैसे एआई ज्यादा कॉन्टेंट बनाता है, उसके आउटपुट का क्रिटिकल इवेल्यूशन और रिफाइन करने की क्षमता आवश्यक है। इसलिए आपको सटीकता और प्रासंगिकता के लिए एआई-जनरेटेड सामग्री का विश्लेषण करने में कौशल आना चाहिए। एआई आउटपुट में पोटेंशल बायस या एरर की पहचान करने की क्षमता होनी चाहिए। एआई-जनरेटेड विचारों के साथ ह्यूमन इंसाइट को मिलाने की क्षमता होनी चाहिए। क्रिटिकल इवेल्यूशन यह सुनिश्चित करता है कि एआई टूल का प्रभावी और एथिकल तरीके से उपयोग किया जाए, जिससे बेहतर निर्णय लिए जा सकें।

### एथिकल एआई और रियूजेबल उपयोग

जनरेटिव एआई के एथिकल इंप्लिकेशन को समझना महत्वपूर्ण है। एआई सिस्टम में पोटेंशल बायस के बारे में जागरूकता जरूरी है। एआई से संबंधित गोपनीयता और डेटा प्रोटेक्शन कंसर्न का ज्ञान होना चाहिए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डिडी ने रखा 50 मिलियन डॉलर की जमानत का प्रस्ताव, यौन तस्करी के आरोप में हुई गिरफ्तारी

अमेरिकी रैपर सीन 'डिडी' कॉम्ब्स को मैनहट्टन में गिरफ्तार कर लिया गया था। रैपर पर यौन तस्करी और उत्पीड़न के आरोप लगे हैं। रैपर की गिरफ्तारी उनके खिलाफ



चल रही जांच और कई मुकदमों के बीच हुई है। वहीं, अब इस मामले में अब अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रैपर ने अपनी रिहाई के लिए एक संघीय अदालत में 50 मिलियन डॉलर का जमानत पैकेज पेश किया है।

दरअसल, डिडी के वकील मार्क अग्निफिलो ने न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के मजिस्ट्रेट जज रॉबिन एफ. टार्नोफ्स्की को एक पत्र दायर किया, जिसमें अपने मुवक्किल की रिहाई की मांग की गई। उन्होंने रैपर की रिहाई के बदले में 50 मिलियन डॉलर का पैकेज प्रस्तावित किया, जिसमें यह भी शामिल था कि वह जमानत राशि हासिल करने में मदद के लिए अपने मियामी स्थित घर और अपनी मां के घर को जमानत के तौर पर देने को तैयार हैं। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, डिडी ने मियामी के अनन्य स्टार आइलैंड पर अपनी 48 मिलियन डॉलर की हवेली को जमानत के लिए सुरक्षा के रूप में पेश किया है, साथ ही उनकी मां के मियामी घर की कीमत दो मिलियन डॉलर है। इस बांड पर कथित तौर पर डिडी की मां, उनकी बहन, उनकी सबसे बड़ी बेटी की मां और उनके तीन बेटों ने सह-हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही उन्होंने कथित तौर पर कई शर्तों पर भी सहमति जताई है, जिनमें उनकी यात्रा सीमित करना और अधिकारियों द्वारा उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जीपीएस मॉनिटर पहनना शामिल है। प्रस्तावित जमानत पैकेज के बावजूद अमेरिकी अटॉर्नी डेमियन विलियम्स ने रैपर की रिहाई का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि आरोपी भागने का जोखिम और समाज के लिए खतरा दोनों पैदा करता है।

### टॉलीवुड

## भारी भरकम बजट में बनकर तैयार होगी 'स्पिरिट'

तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में प्रभास की भी गिनती होती है। उनके फैंस की संख्या करोड़ों में है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म कल्कि 2898 एडी बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई करने में सफल रही थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के जबर्दस्त कलेक्शन के बाद इसे ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया था। इस फिल्म के बाद प्रभास कई बड़े प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं। उनमें से ही एक संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म स्पिरिट भी है। इस फिल्म में वह




एक दमदार पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आने वाले हैं। बड़े पर्दे पर प्रभास को वर्दी में देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। प्रभास की इस आगामी फिल्म को लेकर हाल ही में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म को 500 करोड़ के भारी भरकम बजट से तैयार किया जाएगा। हालांकि, इसको लेकर निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। इससे पहले रिलीज हुई संदीप की फिल्म एनिमल भी बड़े बजट में बनकर तैयार हुई थी। वहीं, स्पिरिट की बात करें तो इसका निर्माण वह टी-सीरीज के साथ मिलकर कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार स्पिरिट की शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू हो सकती है। प्रभास की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह राजा साब नाम की हॉरर कॉमेडी फिल्म और सलार के अगले भाग में भी नजर आने वाले हैं।

### भोजपुरी

## काजल की नई फिल्म 'क्रांतिकारी बहू' का ट्रेलर रिलीज

काजल राघवानी की नई फिल्म 'क्रांतिकारी बहू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है और ये यूट्यूब पर भी छाया हुआ है। इस ट्रेलर को रिलीज हुए तीन दिन ही हुए हैं और इसे फैंस का बहुत प्यार मिल रहा है। यूट्यूब पर इसे अभी 4 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। भोजपुरी फिल्मों को देखने वाले और भोजपुरी गाने सुनने वाले दर्शकों को ट्रेलर बहुत पसंद आया है। लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं और काजल राघवानी पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। इस



फिल्म में कास्ट और क्रू पर भी बहुत मेहनत की गई है। फिल्म में प्रशांत सिंह, कंचन मिश्रा, गोपाल चव्हाण, विद्या सिंह, निशा सिंह, बबिता सिंह, प्रेम दुबे, पुष्पेंद्र राय, स्वीटी सिंह, वंदना दुबे और निशा तिवारी हैं। इसके निर्देशक मंजुल ठाकुर भी हैं। काजल राघवानी भोजपुरी फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने 'प्रतिज्ञा 2', 'हुकूमत', 'पटना से पाकिस्तान', 'मुकद्दर', 'मेहंदी लगा के रखना' और 'माई सेहरा बांध के आउंगा' जैसी भोजपुरी फिल्मों में काम किया है। काजल राघवानी को सबसे अधिक फीस पाने वाली भोजपुरी एक्ट्रेसेस में से एक माना जाता है। काजल राघवानी के इंस्टा पर 5.4 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं और वो सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली भोजपुरी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। राघवानी को 2016 में दुबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय भोजपुरी फिल्म अवार्ड्स (आईबीएफए) में भोजपुरी बेस्ट एक्ट्रेस पीपुल्स च्वाइस अवार्ड मिला था। वो अपनी फिल्मों के जरिए फैंस के दिलों में जगह बनाती हैं।

### लाइफ स्टाइल

## जापान की खुशबू

जापान के फैशन में पारंपरिक और अभिनव शैलियों का मज़बूत और अनूठा मिश्रण देखना आसान है। टोक्यो के जीवंत स्ट्रीट फ़ैशन दृश्य से लेकर क्योटो के हाई-एंड कॉउचर लेबल तक एक अलग प्रभाव छोड़ते हैं। जापानी डिज़ाइनर सीमाओं को लांघकर अनूठा फ़ैशन पेश कर खुद को अभिव्यक्त करते हैं जो देखने में आकर्षक और विचारोत्तेजक दोनों है। जापानी माडल फूलों की पृष्ठभूमि या फिर फूलों की ड्रेस में खूब रंग जमाते हैं।



## चेहरे की डार्कनेस को कम करने के लिए इस्तेमाल करें कॉफी

चेहरे पर डार्कनेस होने की वजह से कालापन नजर आता है। साथ ही, डेड स्किन भी दिखाई देती है। इससे न ही मेकअप के बाद चेहरा अच्छा लगता है, और न किसी भी चीज को अप्लाई करने के बाद। ऐसे में जरूरी है कि आप सही तरीके से चेहरे का ध्यान रखें।

चेहरा साफ और सुंदर दिखाई दे। इसके लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। कई सारे प्रोडक्ट ऐसे होते हैं, जो हम हमेशा इस्तेमाल करते हैं। लेकिन मौसम के बदलने की वजह से उन प्रोडक्ट का असर भी कम हो जाता है। ऐसे में हमारे जरूरी है कि आप घरेलू नुस्खों को ट्राई करें। इससे चेहरे की डार्कनेस कम हो जाएगी। साथ ही, चेहरा इवन दिखाई देगा। इस नुस्खे को अपने इंस्टाग्राम पर टीवी एक्ट्रेस शीबा आकाशदीप ने शेयर किया है। इसमें उन्होंने कॉफी और दही का इस्तेमाल बताया है।

### चेहरे पर दही लगाने के फायदे

चेहरे को साफ रखने के लिए आप दही का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें एंटी-



बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को सनटैन, दाग-धब्बे और झुर्रियों की समस्या से बचाता है। ऐसे में स्किन डार्कनेस के लिए आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### चेहरे पर कॉफी लगाने के फायदे

चेहरे के इवन टोन, मुलायम और साफ-सुथरा रखने के लिए आप कॉफी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-एजिंग और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो आपकी त्वचा का ध्यान रखते हैं। इसलिए आप इसका मास्क बनाकर अप्लाई कर सकती हैं।

### इस तरह फेस पर लगाएं दही और कॉफी

इसके लिए आपको एक कटोरी में 1 चम्मच कॉफी पाउडर लेना है।अब इसमें 2 चम्मच दही लेनी है।अब इन दोनों चीजों को मिक्स करना है।फिर अंडर आई एरिया को छोड़कर पूरे फेस पर अप्लाई करना है।हल्के हाथों से फेस की मसाज करें। सर्कुलर मोशन में मसाज करें।फिर 10 से 15 मिनट बाद चेहरे को साफ कर लें।चेहरे को पानी से साफ कर लें।इसे अप्लाई करने से आपके स्किन की ड्राईनेस और डार्कनेस दोनों कम हो जाएगी।

## बालों का झड़ना रोकने के लिए नारियल तेल के साथ मिलाकर लगाएं फिटकरी

लंबे और घने बाल हम सभी को पसंद होते हैं। इसी वजह से हम कई बार महंगे ट्रीटमेंट लेने के लिए भी तैयार हो जाते हैं। लेकिन जो भी प्रोडक्ट ट्रीटमेंट के दौरान इस्तेमाल किया जाता है। उसका असर बस कुछ ही दिनों के लिए बालों में नजर आता है। इसके बाद बालों को पोषण कम होने लगता है। ऐसे में आप एक्सपर्ट की राय लेकर बालों को झड़ने से रोकने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल करें। फिटकरी सिर्फ स्किन के लिए ही नहीं बल्कि बालों के लिए भी इस्तेमाल की जाती है। आप भी इसे ट्राई कर सकती हैं। इसको कैसे लगाना है इसके बारे में डॉक्टर स्वाति ने हमारे साथ चीजों को शेयर किया। आपको बता दें कि यह एक डर्मेटोलॉजिस्ट हैं। चलिए आपको भी बताते हैं फिटकरी को कैसे अप्लाई करें ताकि बाल झड़ने कम हो जाएं।

### फिटकरी के साथ नारियल तेल को बालों में लगाने के फायदे

नारियल तेल का इस्तेमाल अक्सर हम बालों में करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह हमारे बालों को हेल्दी रखता है। इसमें फैटी



एसिड पाया जाता है, जिससे बालों की चमक लंबे समय तक बनी रहती है। इसे स्कैल्प में अप्लाई करने से बाल मजबूत होते हैं। वहीं फिटकरी के इस्तेमाल से बालों का झड़ना कम होता है। इसमें इसमें एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं। इससे बालों को मजबूती मिलती है। इन दोनों चीजों को साथ में लगाने से बालों के झड़ने की समस्या कम हो जाती है।

### फिटकरी लगाने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

बालों में फिटकरी लगाने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।बालों के टेक्सचर का ध्यान रखकर ही इन दोनों के मिश्रण को अप्लाई करें।फिटकरी और नारियल तेल को रातभर बालों में लगाकर न रखें।

### फैशन

## एनिमल प्रिंट साड़ी को खास तरीके से कीजिए पेयर, लोग देखेंगे मुड़-मुड़ कर



फैशन की दुनिया में हर दिन एक नया रंग, नया प्रिंट और पैटर्न ट्रेंड करने लगता है, मगर कुछ ट्रेंड्स एवरग्रीन बन जाते हैं और एनिमल प्रिंट उन्हीं में से एक है। जब बात आती है फैशन की, तो एनिमल प्रिंट को लगभग हर तरह के एथनिक और वेस्टर्न आउटफिट्स में देखा जा चुका है। महिलाओं के बीच एनिमल प्रिंट बहुत लोकप्रिय भी है और अब इसमें बहुत सारे पैटर्न देखने को मिल रहे हैं। खासतौर पर आपको इस प्रिंट में साड़ी में बेहतरीन विकल्प मिल जाएंगे।

एनिमल प्रिंट आपको बहुत सारे नए-नए पैटर्न में साड़ियां मिल जाएंगी, मगर इन्हें आप जब तक ठीक से स्टाइल नहीं करेंगी, तब तक आपको एक आकर्षक लुक नहीं मिलेगा। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे ब्लाउज डिजाइंस के बारे में बताएंगे, जिन्हें एनिमल साड़ी के साथ्र आप क्लब करके पहनेंगी तो मुड़-मुड़ कर लोग आपको निहारेंगे।



### बस्टर ब्लाउज

बस्टर ब्लाउज एक क्लासिक विकल्प है, जो किसी भी साड़ी के साथ अच्छी तरह से मेल खा जाता है। इसकी फिट डिजाइन आपके फिगर को बेहतर तरीके से प्रदर्शित करती है। आप इसे विभिन्न कलर्स और फैब्रिक्स की साड़ी के साथ क्लब कर सकती हैं। खासतौर पर जब आप एनिमल प्रिंट वाली साड़ी के साथ ब्लैक या व्हाइट बस्टर ब्लाउज पहनती हैं, तो आपको एक मॉडर्न अंदाज मिलता है।

### क्रॉप टॉप ब्लाउज


क्रॉप टॉप ब्लाउज एक मॉडर्न और ट्रेंडी विकल्प है। इस तरह के ब्लाउज में आपको बाजार में बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। अगर आप फ्रेश और फैशनेबल लुक पाना चाहती हैं, तो अपनी एनिमल प्रिंट वाली साड़ी के साथ इसे एक बार पेयर अप करके जरूर देखें। एनिमल प्रिंट साड़ी के साथ इसे पहनने पर, आपका लुक और भी ज्यादा स्टाइल नजर आने लगता है।आप इसे हाई वेस्टेड और लो वेस्टेड, दोनों तरह की साड़ी ड्रेपिंग के साथ पहन सकती हैं। इससे आपकी फिगर और भी अच्छी लगेगी। क्रॉप टॉप में आपको कई तरह के डिजाइन और पैटर्न मिलेंगे, जैसे कि ऑफ-शोल्डर, स्लीवलेस या पॉन स्लीव, एक अच्छा विकल्प मिल जाएगा।

## आपके श्रृंगार को परफेक्ट लुक देंगे पासा के ये लेटेस्ट डिजाइंस, यूं करें स्टाइल

एक वक्त था जब रानियों के ज्वेलरी में पासा भी शामिल होता था। यह उस वक्त उनके ऐश्वर्य और रॉयल्टी का प्रतीक था। समय के साथ, यह प्राचीन कपड़े और ज्वेलरी के साथ जुड़ा हुआ यह आइटम आज भी फैशन की दुनिया में अपनी खास जगह बनाए हुए है। आज भी कई महिलाएं ऐसी हैं जो ट्रेडिशनल आउटफिट्स के साथ पासा पहनना पसंद करती है।

**पर्ल पासा डिजाइनः** यह पासा हमेशा ट्रेंड में बना रहता है, क्योंकि इसे मोतियों के साथ डिजाइन किया जाता है। खास बात यह है कि इसके मोती कभी पुराने नहीं होते और हमेशा चमकते रहते हैं। हालांकि, इसमें आपको सोने और चांदी के साथ मोतियों के डिजाइन भी मिलेंगे। यह पासा बेहद एलीगेंट और क्लासी लगते हैं, जिसे हल्के मेकअप और सॉफ्ट हेयरस्टाइल के साथ पेयर करें। अगर आपकी ड्रेस गोल्डन या ऑफ व्हाइट है, तो पर्ल पासा का चुनाव एकदम सही रहेगा।

**कुंदन पासा डिजाइनः** मार्केट में कुंदन वर्क वाली ज्वेलरी की डिमांड हमेशा बनी रहती है। यह पासा न सिर्फ दिखने में अच्छा लगता है, बल्कि वियर करने के बाद भी क्लासी लुक देता है। इसे किसी भी ट्रेडिशनल



ड्रेस के साथ स्टाइल किया जा सकता है। वहीं, अगर आप चाहें तो कुंदन पासा को आप हैवी लहंगा, साड़ी या शरारा के साथ पहन सकती हैं। इसे सिंपल मांग टीका या माथा पट्टी के साथ पेयर करें और बालों को साइड से खुला रखें।

**मीनाकारी पासा डिजाइनः** मीनाकारी के रंग-बिरंगे डिज़ाइन्स हमेशा क्लासी लुक देने का काम करते हैं। इन डिजाइन्स में आपको लाल, हरा, नीला जैसे रंगों का खूबसूरत मेल मिलेगा। यह सारे डिजाइन किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट को और भी खास बना देता है।

### कार्नर न्यूज

### आधुनिक पुरुषों के लिए यह जीवंत दौर, फैशन के नए ट्रेंड आ रहे नजर

## साल 2024 है पुरुषों के कपड़ों में क्रांति का, स्टाइल में नजर आ रही है विविधता

*साल 2024 में पुरुषों के कपड़ों में क्रांति आ रही है। जिसमें पारंपरिक मर्दानगी को चुनौती दी जा रही है और स्टाइल की विविधता को अपनाया जा रहा है। एक तरह से यह आधुनिक पुरुषों के लिए एक जीवंत युग है, जो वर्तमान में मजबूती से जड़ जमाए हुए है। इस साल पुरुषों के फैशन में कुछ हद तक 80 के दशक की प्रेरणा नजर आती हैं।*



### वहीं कुछ महिलाओं के परिधानों का भी असर दिखता है

इस साल पुरुषों की सुंदरता को नए सिरे से परिभाषित करने अलंकृत शर्ट्स ज्यादा चलन में है। पूर्णता के साथ तैयार किया गया इसका हर हिस्सा आधुनिक स्वभाव का स्पर्श लिए हुए है। चाहे स्लीक लुक के लिए टेलर किए गए ट्राउजर के साथ जोड़ा जाए या कैज़ुअल परिष्कार के लिए डेनिम के साथ, ये शर्ट न्यूनतम प्रयास के साथ एक स्टेटमेंट बनाते हैं।

### पूरी तरह काले कपड़ों में वापसी

काला रंग कभी दूर नहीं रहा, लेकिन 2024 में यह आपकी अपेक्षा से कहीं ज़्यादा बड़े पैमाने पर अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। कई सीज़न तक चटक रंगों में बिताने के बाद, जो थोड़े थकाऊ हो सकते हैं, फैशन का पेंडुलम राहत की सांस के साथ वापस लौट रहा है और उदास रंगों की ओर बढ़ रहा है।

### स्टेटमेंट एक्सेसरी के लिए कमर कस लें

बेल्ट आज पुरुषों के लिए सिर्फ़ एक व्यावहारिक उपकरण से कहीं ज़्यादा हैं। बेल्ट अब एक एसा फैशन स्टेटमेंट हैं, जो स्टैंडआउट ज्वेलरी पहनने जैसा है। कल्पना करें कि एक सफ़ेद शर्ट और गहरे रंग की जींस के साथ सिल्वर स्टड वाली एक स्लीक ब्लैक बेल्ट- एक ऐसा लुक जो कल्पना की जा सकती है।

